



देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण




Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, शनिवार 10 मई 2025 | वर्ष-31 अंक-268 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए | पेज - 6


# भारत के शस्त्रों से पाकिस्तान पस्त

## तीसरे दिन पाकिस्तान की नापाक हरकत...पाकिस्तान की तरफ से फायरिंग, भारतीय सेना दे रही मुंहतोड़ जवाब...राजस्थान, पंजाब और जम्मू कश्मीर के कई जिलों में ब्लैक आउट

### लेह से सर क्रीक तक घुसपैठ की कोशिश, तुर्किये के ड्रोन का किया इस्तेमाल, पाकिस्तान की खुली पोल

### यात्री विमानों को ढाल बनाया, जवाबी कार्रवाई में उसका एक और एयर डिफेंस रडार नष्ट

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बने हुए हैं। शुक्रवार को दूसरे दिन भी पाकिस्तान की कायराना हरकतें जारी हैं। पाकिस्तान की तरफ से फायरिंग की जा रही है, जिसका भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। पाकिस्तान ने गुरुवार रात उत्तरी और पश्चिमी भारत के कई सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमलों की नाकाम कोशिश की। भारतीय वायु रक्षा प्रणाली, खासकर एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने सतर्कता दिखाते हुए इन सभी हमलों को नाकाम कर दिया। भारत के शस्त्रों के आगे पाकिस्तान का हर पार फेल हो रहा है।

विदेश मंत्रालय की ओर से प्रेस ब्रीफिंग की गई। इस दौरान विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर नई जानकारी दी। कर्नल कुरैशी ने इस दौरान पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए फोटो दिखाई और बताया कि कैसे पाकिस्तान ने हमलों के दौरान नागरिक विमानों को ढाल के रूप में इस्तेमाल करने की शर्मनाक कोशिश की। भारत ने चेताया कि इस तरह की कायराना हरकतों का करारा जवाब दिया जाएगा। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने एलओसी पर भारी गोलीबारी की। घुसपैठ की कोशिश की गई। तंगधार, उरी और उधरपुर में भारी गोलीबारी हुई। पाकिस्तान की गोलीबारी से नुकसान हुआ है। उन्होंन तस्वीर दिखाते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने भारी संयम दिखाया है। पाकिस्तान ने भारत में 36 स्थानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी।

#### पाकिस्तान के नापाक चेहरे और इरादों का पर्दाफाश

इस दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नापाक चेहरे और इरादों का पर्दाफाश कर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया



कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह 8 से 9 मई की रात की पाकिस्तान के हमलों की जानकारी दी। इस दौरान सबसे बड़ी खुलासा यह हुआ कि पाकिस्तान ने अतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 जगहों पर 300-400 ड्रोन से घुसपैठ की कोशिश की। ये ड्रोन तुर्किये के बताए जा रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से भारतीय इलाकों में हमला किया। पाकिस्तान ने 36 स्थानों पर घुसपैठ का प्रयास किया। पाकिस्तान की ओर से 300 से 400 ड्रोन्स भेजे गए। जांच में पता चला है कि ड्रोन तुर्किये निर्मित थे। इस तनाव की स्थिति और भारत के पलटवार की संभावना के बावजूद भी पाकिस्तान ने अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। वह उसका इस्तेमाल ढाल के तौर पर कर रहा है। हमने जवाबी कार्रवाई कर उसका एक और एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट कर दिया।

#### 36 जगहों पर 300-400 ड्रोन से घुसपैठ का प्रयास

कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की नीयत से पूरी पश्चिमी सीमा पर भारतीय वायुक्षेत्र का कई बार उल्लंघन किया। पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर वाले हथियारों से गोलाबारी भी की। अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 जगहों पर 300-400 ड्रोन का इस्तेमाल कर घुसपैठ का प्रयास किया। भारतीय सशस्त्र बलों ने काइनेटिक और नॉन काइनेटिक साधनों से कई ड्रोन मार गिराए। बड़े पैमाने पर ड्रोन के जरिए हवाई घुसपैठ का संभावित उद्देश्य देश की वायुरक्षा प्रणालियों का परीक्षण और खुफिया जानकारी जुटाना था। ड्रोन के मलबे की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। प्रारंभिक जांच में तुर्किये के ड्रोन होने बात पता चली है।

#### यात्री विमानों को ढाल बनाया

उन्होंने बताया, पाकिस्तान ने 7 मई को शाम 8:30 बजे एक असफल बेवजह ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले के बाद उसे तेज हवाई रक्षा प्रतिक्रिया मिलेगी। यह भारत और पाकिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय विमानों सहित सभी नागरिक विमानों के लिए सुरक्षित नहीं है। हमने आपको एक स्क्रीनशॉट भी दिखा रहे हैं, उसमें पंजाब सेक्टर में उच्च वायु रक्षा चेतावनी की स्थिति के दौरान एप्लीकेशन फ्लाइट रडार 24 का डेटा दिखाया गया है। जैसा कि आपने देखा है, हमारे घोषित बंद के कारण भारतीय पक्ष का हवाई क्षेत्र नागरिक हवाई यातायात से पूरी तरह से खाली है। हालांकि, कराची और लाहौर के बीच हवाई मार्ग पर नागरिक विमान उड़ान भर रहे हैं। भारतीय वायुसेना ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय नागरिक वाहकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

#### देशभर में 27 हवाईअड्डे बंद

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार को 138 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को विभिन्न एयरलाइनों ने दिल्ली हवाई अड्डे से आने-जाने वाली 138 उड़ानें रद्द की हैं। हवाई अड्डों पर भी सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर देश के विभिन्न भागों में लगभग 27 हवाईअड्डे बंद हैं। सूत्रों ने कहा है कि शुक्रवार को सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच दिल्ली एयरपोर्ट जाने वाली कुल 66 घरेलू और 63 आने वाली उड़ानों के साथ ही पांच अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान और 4 आगमन उड़ानें रद्द कर दी गईं।

## ब्रीफ न्यूज

### राफेल बनाने वाली कंपनी के शेयर चढ़े

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान टेंशन के बीच राफेल बनाने वाली कंपनी डसॉल्ट एविएशन का शेयर बीते 2 हफ्ते में 8 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा है। 2025 में अब तक कंपनी के शेयर में 63 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आई है। हालांकि, आज शुक्रवार को पेरिस में लिस्टेड डसॉल्ट एविएशन का शेयर 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ 320 यूरो यानी 30,808 रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहा है। बीते 5 दिन में भी कंपनी का शेयर करीब 2.5 प्रतिशत गिरा है। 2 हफ्ते पहले 25 अप्रैल को कंपनी का शेयर 297 यूरो (28,596 रुपए) पर था। वहीं 31 दिसंबर 2024 को कंपनी का शेयर 195 यूरो यानी 18,774 रुपए पर था। वहीं बीते 6 महीने में कंपनी का शेयर 60 प्रतिशत चढ़ा है। अभी डसॉल्ट एविएशन का मार्केट कैप 2.61 बिलियन यूरो यानी 25,125 करोड़ रुपए है।

### निपाह वायरस की रिपोर्ट निगेटिव आई

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में निपाह वायरल के संदिग्ध 6 लोगों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है, लेकिन इन मरीजों की हालत अभी भी गंभीर बना हुई है। सभी का मंजेरी मेडिकल कॉलेज के आइसोलेशन वार्ड में इलाज जारी है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा- मलप्पुरम डीएम के अंडर हाई लेवल कमेटी बनाई गई है। संक्रमित मरीज के संपर्क में आए सभी 49 लोगों पर नजर रखी जा रही है।

### हेलीकॉप्टर दुर्घटना में छह सैनिकों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका में शुक्रवार को एक सैन्य हेलीकॉप्टर जलाशय में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार छह सशस्त्र बल कर्मियों की मौत हो गई। श्रीलंकाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि श्रीलंकाई वायु सेना का बेल 212 हेलीकॉप्टर, मदुरू ओया के उत्तर मध्य क्षेत्र में स्थित जलाशय में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हेलीकॉप्टर सेना की स्पेशल फोर्स ब्रिगेड की पासिंग आउट परेड में शामिल होने के लिए जा रहा था। मृतकों में वायु सेना के दो और स्पेशल फोर्स के चार सैनिक शामिल हैं।

### मणिपुर में 9 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने तीन जिलों से कई प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के चार सदस्यों को थौबल जिले से और यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पंबेई) के तीन सदस्यों को थौबल जिले से गिरफ्तार किया गया। वहीं, कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोयोन) के एक सदस्य को इंफाल ईस्ट जिले से और केसीपी(पीडब्ल्यूजी) के एक उग्रवादी को बिष्णुपुर से गिरफ्तार किया गया। उग्रवादियों के पास से देशी पिस्तौल और हथगोले समेत गोला-बारूद जब्त किया गया।

### कुएं में जहरीली गैस से तीन की मौत

**नूंह।** नूंह जिले के मांडी खेड़ा गांव में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ हैं। जिसमें कुएं में जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जब 19 वर्षीय मोनिस, मुरादाबाद निवासी, सफाई के लिए एक पानी के कुएं में उतरा। कुंएं में जहरीली गैस, संभवत: मीथेन, होने के कारण वह बेहोश होकर गिर गया। मोनिस को बचाने के लिए रशीद (40) पुत्र मतीन, समीर (20) पुत्र लियाकत और शौकीन पुत्र इकबाल, सभी मांडी खेड़ा निवासी, कुंएं में उतरे।

### एक करोड़ के इनामी समेत 10 माओवादी ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर माओवादियों के सफाये के लिए चल रहे संयुक्त अभियान के 18वें दिन गुरुवार को तेलंगाना में ग्रेहाउंड्स बल (पुलिस की विशेष इकाई) ने बड़ी सफलता हासिल की। इलमिड़ी गांव के पास जंगल में हुई मुठभेड़ में ग्रेहाउंड्स बल ने एक करोड़ के इनामी माओवादियों के सेंट्रल कमेटी सदस्य चंद्रन्ना और 25 लाख के इनामी स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य बंडी प्रकाश समेत 10 माओवादियों को मार गिराया।

## पाकिस्तान की कायराना चाल-नागरिक विमानों को बना रहा हमलों की ढाल, कर्नल सोफिया ने किया खुलासा

**नई दिल्ली।** भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में पाकिस्तान द्वारा की गई कायराना हरकतों की भारत सरकार ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में विस्तार से जानकारी दी। विदेश मंत्रालय की ओर से हुई इस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने हिस्सा लिया और पाकिस्तानी रणनीति की परतें खोल कर रख दीं।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने मीडिया के सामने कुछ तस्वीरें पेश करते हुए यह खुलासा किया कि पाकिस्तान ने अपने सैन्य हमलों के दौरान नागरिक विमानों को जानबूझकर ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। हमले के वक्त करांची और लाहौर एयरस्पेस में पैसेंजर



फ्लाइट्स हवा में थीं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि पाकिस्तान ने हवाई क्षेत्र को जानबूझकर खुला रखा ताकि भारत जवाबी कार्रवाई में संयम बरते और हमलों को रोका जा सके। कर्नल सोफिया ने बताया कि पाकिस्तान ने भारत के 36 ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिनमें उत्तरी और पश्चिमी भारत के कई सैन्य प्रतिष्ठान शामिल थे। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना ने संयम बरतते हुए जवाबी कार्रवाई की और आम नागरिकों को कोई नुकसान न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया।

#### तुर्किये निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल

**कर्नल सोफिया के अनुसार, पाकिस्तान ने तुर्किये में निर्मित ड्रोन से हमला किया। भारत ने इन हमलों का जवाब देते हुए पाकिस्तान की सर्विलांस रडार प्रणाली को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई पाकिस्तान की सेना के लिए बड़ा सामरिक झटका साबित हुई है।**

#### मिसरी की पाक को चेतावनी

**विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि इस तरह की हरकतें न केवल भारत-पाक संबंधों को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की यह रणनीति अंतरराष्ट्रीय कानून और जिनेवा संधियों का उल्लंघन है।**

## केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लगाई रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज पर रोक

### कहा - रिपोर्टिंग करते समय मौजूदा कानूनों व नियमों का सख्ती से पालन करें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से बचने की हिदायत दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही के लाइव कवरेज को दिखाने से परहेज करना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया यूजर्स से अनुरोध है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय अत्यंत जिम्मेदारी बरतें और मौजूदा कानूनों व नियमों का सख्ती से पालन करें।

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से संबंधित रीयल-टाइम कवरेज, विजुअल का प्रसार या सूत्र आधारित जानकारी की रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। संवेदनशील जानकारी का समयपूर्व खुलासा अनजाने में शत्रु की मदद कर सकता है और अभियान की प्रभावशीलता और कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है।

पिछली घटनाओं ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया है।

## एक हफ्ते के लिए ही आईपीएल स्थगित, जल्द आयेगा नया शेड्यूल: राजीव शुक्ला




**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टूर्नोमेंट अनिश्चित काल के लिए स्थगित नहीं हुआ है। केवल एक सप्ताह के लिए ही स्थगित किया गया है। शुक्ला ने कहा है कि नये शेड्यूल की घोषणा शीघ्र ही होगी। वहीं इससे पहले कहा गया था कि आईपील मुकाबले अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिये गये हैं जिसपर अब बोर्ड की ओर से जवाब आया है। गत दिवस गुरुवार को दिल्ली और पंजाब मैच बीच में ही रद्द करने के बाद से ही टूर्नोमेंट के आगे आयोजन पर भी संशय जताया जा रहा था। आईपीएल का ये 18 वां सत्र अपने अंतिम पड़वा पर था और फाइनल के साथ ही केवल 16 मैच बचे थे। इसमें लीग चरण के 12 मैच शामिल थे। ये पहली बार नहीं हुआ है कि जब आईपीएल का कोई सत्र बीच में ही स्थगित हुआ है था। इससे पहले 2021 में कोरोना महामारी के कारण सत्र रोका गया था।

बीसीसीआई ने शुक्रवार को आईपीएल को स्थगित करने की घोष्णा की। आईपीएल को स्थगित करने का फैसला पाकिस्तान के साथ तनाव और युद्ध के हालात को देखते हुए लिया गया है। इसी कारण गुरुवार को धर्मशाला में चल रहे पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच को बीच में ही रोक दिया गया था। बाद में मैच को रद्द कर दिया गया और सभी खिलाड़ियों, सहायेगी स्टाफ और दर्शकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। तभी से आईपीएल के मौजूदा सीजन पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि सभी स्टेकहोल्डर्स से चर्चा के बाद टूर्नामेंट के लिए जल्द ही नया शेड्यूल घोषित होगा। हमें भारतीय सेना पर गर्व है। बीसीसीआई अपने सुरक्षा बलों और सरकार के साथ खड़ी है।'

एक दिन पहले जब धर्मशाला में आईपीएल मैच चल रहा था, उसी वक्त पाकिस्तान ने देश के कई शहरों में मिसाइलों और ड्रोन से हमले किये थे हालांकि भारतीय रक्षा प्रणाली ने उन सभी को धवस्त कर दिया था। पाक के सभी ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया था।

## भारत-पाक तनाव के चलते बंद किए गए 27 एयरपोर्ट, यात्री परेशान

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों के कारण देश में 27 हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है। इस स्थिति ने देश की उड़ानों को बुरी तरह प्रभावित किया है। इससे यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव और हवाई हमलों को देखते हुए एयर इंडिया, अकासा एयर, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए अलर्ट और नई एडवाइजरी जारी की है। यहां पाकिस्तान द्वारा भारत के उत्तरी और पश्चिमी सैन्य ठिकानों पर हमले की नाकाम कोशिशें जारी हैं। भारत ने एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम से अधिकतर हमलों को विफल कर दिया है। इन हमलों को देखते हुए सुरक्षा कारणों से 27 हवाई अड्डों पर सिविल फ्लाइट ऑपरेशन बंद कर दिए गए हैं। एयर इंडिया ने यात्रियों को उड़ान से कम से कम 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने की सलाह दी गई है। प्रस्थान से 75 मिनट पहले चेक-इन बंद कर दिया जाएगा।

## हिसाब बराबर अब बातचीत के रास्ते खोलें..........महबूबा मुफ्ती ने की पीएम मोदी से अपील

**जम्मू।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर जारी तनाव और सैन्य कार्रवाई के बीच पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने एक भावुक अपील करते हुए दोनों देशों से हमले रोकने की गुजारिश की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में आम नागरिक, खासकर बच्चे और महिलाएं, सबसे ज्यादा पीड़ति हो रहे हैं।

महबूबा ने कहा, कि पुलवामा हो या पहलगाम, ये हादसे हमें याद दिलाते हैं कि हमारा मुल्क किस तबाही की ओर बढ़ रहा है। अगर यही सिलसिला जारी रहा तो दुनिया एक नए बर्बादी के दौर में प्रवेश कर सकती है। मासूम बच्चों और महिलाओं का क्या कसूर है? उन्होंने कहा कि सैन्य कार्रवाई से समस्या की जड़ नहीं खत्म होती। शांति के लिए राजनीतिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा, हमारा देश एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है, वहीं पाकिस्तान अपने आंतरिक संकटों से जूझ रहा है। ऐसे में दोनों देशों को बातचीत और कूटनीतिक पहल की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। महबूबा मुफ्ती ने बीते वर्षों की सैन्य कार्रवाइयों का उदाहरण देते हुए कहा कि पुलवामा हमले के बाद बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक हुई, लेकिन उससे स्थायी समाधान नहीं निकला। अब पहलगाम जैसी घटनाओं के बाद फिर सैन्य जवाब दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, अब जबकि दोनों ओर से हिसाब बराबर कर लिया गया है, तो इस जंग को यहीं रोक देना चाहिए। हमारे बच्चों को क्यों मारा जा रहा है? मेरे लोगों का खून क्यों बहाया जा रहा है? महबूबा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को याद दिलाते हुए कहा, आपने खुद कहा था कि युद्ध का दौर अब समाप्त होना चाहिए। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को आपस में बातचीत करनी चाहिए।

## जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ शुरु हो सकती है महाभियोग की कार्यवाही!

**नई दिल्ली।** घर में जले नोट मिलने के मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग जैसी कार्यवाही हो सकती है। उनके खिलाफ तैयार रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास पहुंच गई है। बता दें कि दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ कैश कांड में जांच रिपोर्ट चीफ जस्टिस को सौंप दी गई थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस पर यशवंत वर्मा को विकल्प दिया था कि वे अपने पद से इस्तीफा दे दें और यदि ऐसा नहीं किया तो फिर महाभियोग की कार्रवाई की जाएगी। उन्हें जवाब देने के लिए 9 मई तक का वक्त मिला था। जस्टिस वर्मा ने इस संबंध में जवाब भी मुख्य न्यायाधीश को दे दिया है। उनके जवाब और तीन सदस्यीय न्यायिक पैनल की रिपोर्ट को अब चीफ जस्टिस ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पास बढ़ा दिया है।

माना जा रहा है कि अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई होगी।

# रीवा एवं शहडोल संभाग में एमपीआरडीसी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा में उप मुख्यमंत्री ने कहा

## निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें, समयसीमा में करें कार्य पूर्ण

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भोपाल में रीवा एवं शहडोल संभाग में एमपीआरडीसी के विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा अनिवार्य है, ताकि किसी प्रकार की बाधा समय रहते दूर की जा सके। साथ ही, पूर्ण हो चुके कार्यों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्यों की गति बनी रहे और बजट का प्रभावी उपयोग संभव हो सके।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सीधी-सिंगरौली फोरलेन मार्ग के शेष भाग का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशासनिक अड़चनों को सर्वोच्च



प्राथमिकता से दूर किया जाए। इस परियोजना का 52 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कार्य प्रक्रियाधीन है। इसके साथ ही उन्होंने एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक) द्वारा वित्तपोषित रीवा-बेड़ा-सेमरिया मार्ग के शेष लगभग 1 किमी मार्ग (ढेकहा तिराहा से मंडी तक) को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग अत्यधिक व्यस्त रहता है, इसके शीघ्र निर्माण से स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने उमरिया से शहडोल तक टू-लेन मार्ग के उन्नयन कार्य की समीक्षा की। बताया गया कि यह कार्य 93 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य जून माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। रीवा बायपास फोरलेन मार्ग परियोजना का 14 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसमें 4 मध्यम पुलों में से 2, 39 बॉक्स कल्वर्ट में से 14 तथा आवश्यक 5 वीयूपी (वर्टिकल अंडर पास) में से 2 का कार्य प्रगतिरत है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कार्यों की सतत निगरानी की जाए और तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूरा किया जाए। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी भरत यादव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानसून से पहले शुरू होगी लोक परिवहन

### प्रदेश में सबसे पहले इंदौर और उज्जैन में होगा बसों का संचालन

**भोपाल।** मप्र सरकार ने यात्रियों की सुविधा के लिए बड़ी घोषणा की है। राज्य में करीब दो दशक पहले बंद की गई सरकारी समर्थित बस सेवा को फिर से शुरू किया जाएगा। इस प्रस्ताव को सरकार ने अप्रैल में ही मंजूरी दे दी। इसके बाद लोक परिवहन सेवाओं को जमीन पर उतारने से जुड़े पहले चरण के सर्वे का काम परिवहन विभाग ने इंदौर व उज्जैन संभाग में लगभग पूरा कर लिया है। अब यहां चिह्नित किए गए मार्गों को फाइनल किया जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि मानसून से पहले इंदौर और उज्जैन में बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

## » न्यूज कैप्सूल »

### ट्रेन के टॉयलेट में 9 घंटे तक फांसी पर लटका रहा शव

**भोपाल।** अहमदाबाद कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस के टॉयलेट में एक युवक का शव 9 घंटे तक फांसी के फंदे में झूलता रहा। 300 किलोमीटर की यात्रा पूरी होने के बाद सागर स्टेशन पर जीआरपीएफ ने इस शव को फांसी से उतारा। इस कार्रवाई के कारण ट्रेन 1 घंटे लेट हुई।

यात्रियों के अनुसार सुबह 5 बजे लगभग 35 वर्षीय युवक की लाश फांसी पर लटकी हुए टॉयलेट में यात्रियों ने देखी थी। इसकी सूचना उज्जैन में दी गई थी। 9 घंटे तक भोपाल और बीना स्टेशन गुजर जाने के बाद भी कोई भी लाश उतरने नहीं आया। दोपहर 2 बजे के बाद जब ट्रेन सागर स्टेशन पर पहुंची। तब जीआरपी ने टॉयलेट से युवक की लाश को फंदे से उतारा। युवक की पैंट शर्ट से कोई पहचान पत्र तथा रेलवे की टिकट नहीं मिली। आरपीएफ ने जानकारी देते हुए कहा, फॉरेंसिक टीम भी सागर पहुंची थी। जिसने वैज्ञानिक आधार पर साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### विद्युत एवं नगर निगम नेशनल लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों में देगा छूट का लाभ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शनिवार, 10 मई को वर्ष 2025 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान में जिला भोपाल अंतर्गत न्यायालयों में समस्त प्रकार के कुल 1,63,428 मामले लंबित मामले हैं। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, धारा 138 पराक्राम्य लिखित अधिनियम, क्लेम प्रकरण, विद्युत अधिनियम, वैवाहिक विवाद सम्बंधी व अन्य सिविल प्रकरण सहित कुल 12,976 राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गये हैं। विधुत अधिनियम, बैंक रिकवरी, जलकर एवं बी.एस.एन.एल. विभाग, यातायात ई-चालान से संबंधित 70,550 प्रीलिटिगेशन प्रकरण नेशनल लोक अदालत के समक्ष रखे गए हैं। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय भोपाल, तहसील न्यायालय बैरसिया, कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय, रेरा सहित कुल 60 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

### वन क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करें -संभागायुक्त श्री संजीव सिंह

**भोपाल।** संभागायुक्त संजीव सिंह ने वन क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध कटाई और अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों राजस्व, वन और खनिज के बीच समन्वय स्थापित कर आगामी सप्ताह में संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

संभागायुक्त श्री सिंह ने शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय में संभाग स्तरीय टास्क फोर्स बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह, मुख्य वन संरक्षक भोपाल वृत्त राजेश कुमार खरे, राजस्व उपायुक्त श्रीमती किरण गुप्ता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 250 युवतियों ने ली सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग





## तलवार, बंदूक, लाठी चलाना सीखा

**भोपाल।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत की सेना ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की। भारत ने पाकिस्तान में 7 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के बाद भारत-पाक के बीच तनावपूर्ण माहौल है। इस बीच भोपाल में मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों की 250 छात्राओं और महिलाओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई है।

भोपाल के शारदा विहार में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के अनुषांगिक संगठन दुर्गा वाहिनी की ओर से इस आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। 2 से 9 मई तक चले इस शिविर में छात्राओं ने दैनिक दिनचर्या से लेकर योग, ध्यान, प्राणायाम के साथ ही कराटे, लाठी, तलवार, बंदूक चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने वाली भोपाल की अंजलि त्यागी ने कहा- पहले जब मैं इस वर्ग में आई थी। तब मैंने ये नहीं सोचा था कि इतनी विधाएं सीखने को मिलेंगी। दिनचर्या में हमें सफाई का पालन करना सिखाया गया। सुबह प्रार्थना, सांध्यकालीन आराधना सीखी। अंजली त्यागी ने कहा कि दुर्गा वाहिनी लव जिहाद जैसे मुद्दों पर काम करती है। जो विधर्मी हिन्दू नाम लेकर घूमते हैं और हिन्दू समाज की बहन बेटियों को बहला-फुसला कर अपने गलत कृत्यों में शामिल कर लेते हैं। हम लोग बहनों को संपर्क और प्रवास के दौरान समझाती हैं। एक पूरा ग्रुप बनाकर बहनों को समझाएंगे। नाम बदलकर सोशल मीडिया के जरिए हिन्दू बेटियों को भ्रमजाल में फंसाने वालों को पहचानने की जरूरत है। बुधनी की पलक यदुवंशी ने कहा कि मैं राइफल की शिक्षिका हूं। इस शिविर में निशानेबाजी, दंड सहित तमाम विधाएं सिखाई गई हैं। हम बहनों को सचेत कर रहे हैं। हर शहर-गांव में सभी बहनें पूर्ण सुरक्षा में सक्षम बनें। एक प्रशिक्षित बहन कम से कम दस घरों की बहनों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

# यूनियन कार्बाइड कचरे को लेकर गैस पीड़ित संगठनों ने लगाया आरोप

## गैस त्रासदी विभाग ने हाईकोर्ट में छिपाई जानकारी

**भोपाल।** यूनियन कार्बाइड के खतरनाक कचरे के भस्मीकरण को जारी रखने के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की हरी झंडी झूठ के बल पर प्राप्त की गई है। यूनियन कार्बाइड के नष्टीकरण पर 300 पन्नों की रिपोर्ट पर विशेषज्ञ की राय से स्पष्ट होता है कि परीक्षण के दौरान 5 से 20 किलोग्राम पारा के रिसाव की जानकारी उच्च न्यायालय से छुपाई गई। यह आरोप भोपाल के चार गैस पीड़ित संगठनों ने लगाए हैं। उनका आरोप है कि इस पारे के रिसाव से मानव के मस्तिष्क को गंभीर नुकसान पहुंचता है। साथ ही ये इतना जहरीला होता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कम से कम मात्रा में भी खतरनाक होता है।

भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संघ की बानो बी ने बताया कि पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के 10 टन कचरे के ट्रायल को लेकर गैस त्रासदी विभाग ने गलत जानकारी दी है। विभाग के उप सचिव केके दुबे ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय यानि हाई कोर्ट के समक्ष झूठा हलफनामा देते हुए यूनियन कार्बाइड के कचरे के भस्मीकरण परीक्षण के दौरान निकलने वाले जहरीले रसायन की जानकारी छिपा ली गई। भोपाल ग्रुप ऑफ इनफॉरमेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा ने बताया कि आईआईटी हैदराबाद के प्रोफेसर आसिफ कुरेशी ने 300 पृष्ठ की रिपोर्ट में दी गई जानकारी के आधार पर यह पाया की 10 टन खतरनाक कचरे के दहन से 1.53 से 6.88 किलोग्राम पार का उत्सर्जन हुआ। यह चौंकाने वाला है, लेकिन उप सचिव दुबे ने हाई कोर्ट में प्रस्तुत हलफनामे में जानकारी शामिल नहीं की।

# सरकार के सुशासन पर भारी एक अधिकारी

## भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण निलंबित बरकड़े 15 दिन में बहाल

**भोपाल।** मप्र में सरकार का पूरा फोकस सुशासन पर है। लेकिन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री त्रिलोक सिंह बरकड़े सरकार के सुशासन पर भारी पड़ रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जल जीवन मिशन में लापरवाही पर 22 अप्रैल को सिंगरौली ईई त्रिलोक सिंह बरकड़े को निलंबित किया गया था। लेकिन 15 दिन बाद ही उन्हें फिर से वही जिम्मेदारी दे दी गई। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि हमेशा आरोपों और भ्रष्टाचार में घिरे इस अधिकारी पर इतनी मेहरबानी क्यों?

गौरतलब है कि भ्रष्टाचार और कार्य में लापरवाही के मामले में सीधी लोकस्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बरकड़े को 22 अप्रैल को निलंबित किया गया था। निलंबन आदेश में लिखा था कि जल जीवन मिशन और विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी में यह सामने आया कि बरकड़े द्वारा खंड सिंगरौली अंतर्गत जलजीवन मिशन के कार्यों में यथा एफएचटीसी, हर घर जल योजनाओं के ग्राम पंचायतों के हस्तांतरण तथा अनुबंध अवधि समाप्त होने के उपरांत भी योजनाएं पूर्ण किए जाने के कार्यों की प्रगति नगण्य है। बरकड़े का यह कार्य अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही का द्योतक है। इस कारण उन्हें निलंबित कर कार्यालय मुख्य अभियंता पीएचई में पदस्थ किया गया था।

जहां से निलंबित, वहीं हो गए पदस्थ

त्रिलोक सिंह बरकड़े पर अफसरों की मेहरबानी का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि उन्हें जहां से निलंबित किया गया था, फिर से वहीं पदस्थ कर दिया गया है। पन्द्रह दिन बाद बरकड़े इतने अच्छे अधिकारी हो गए कि जिस जिले में हुए घटिया कार्यों तथा लापरवाही के कारण उन्हें निलंबित किया गया था। वहीं उन्हें फिर पदस्थ कर दिया गया। साथ ही विभाग को 250 करोड़ की राशि भी कार्यों के लिए दे दी गई। प्रदेश के इतिहास में शायद पहली बार ऐसा हुआ कि जिस जिले के काम की धीमी गति के कारण उन्हें निलंबित किया गया था। वही फिर पदस्थ कर दिया गया। यह हाल है केन्द्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना जल निगम के कार्यों की। ऐसे में मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार पर लगाम कैसे लगेगी। इस बात का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

# भारत-पाक तनाव के बीच भोपाल में मुस्लिम समाज की दुआ





## ताज-उल-मसाजिद में तिरंगा लहराया, पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी

**भोपाल।** भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़े तनाव के बीच मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मुस्लिम समाज ने एकजुट होकर देशभक्ति का परिचय दिया। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद भोपाल की ऐतिहासिक ताज-उल-मसाजिद में मुस्लिम समाज के लोग तिरंगा लेकर पहुंचे और भारत की जीत, पाकिस्तान की हार के लिए सामूहिक दुआ की।

नमाज के बाद मस्जिद परिसर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए, साथ ही भारतीय सेना की कार्रवाई की सराहना की। मुस्लिम युवकों ने एक स्वर में कहा कि यदि जरूरत पड़ी, तो वे बॉर्डर पर जाकर न केवल पाकिस्तान को जवाब देंगे, बल्कि उसके क्षेत्र में घुसकर आतंकियों को सबक सिखाने के लिए तैयार हैं। ताज-उल-मसाजिद में नमाज के बाद हुए प्रदर्शन में मुस्लिम समाज ने तिरंगे के साथ अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की करतूतों ने पूरे देश को आक्रोशित किया है।एक युवक ने कहा कि पाकिस्तान ने हमारे भाइयों को निशाना बनाया, लेकिन हमारा मजहब इंसानियत सिखाता है। हम भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की रक्षा करेंगे।

### मप्र से यूपी तक बनेगा इकोनॉमिक कॉरिडोर

# 223 किमी लंबा फोरलेन दोनों राज्यों के औद्योगिक शहरों को जोड़ने का करेगा काम

**भोपाल।** एमपी-यूपी इकोनॉमिक कॉरिडोर छतरपुर जिले के लिए वरदान साबित होने वाला है। इसके बनने से बुंदेलखंड के पिछड़े जिलों को इसका लाभ मिलेगा। इसके चलते अभी से जमीन के दाम बढ़ने लगे हैं। सागर- कानपुर फोरलेन के काम में लगातार रफ्तार बढ़ रही है। अधिकारियों ने भी अधिग्रहित की गई जमीनों का मुआवजा देना शुरू कर दिया है।

सागर से कबरई तक जाने वाला 223.7 किमी लंबा फोरलेन एमपी और यूपी के औद्योगिक शहरों को जोड़ने का काम करेगा। ये फोरलेन सागर से शुरू होकर बंडा, शाहगढ, बड़ामलहरा, छतरपुर, गढ़ीमलहरा, श्रीनगर और महोबा होते हुए बनाया जा रहा है। इस फोरलेन की अनुमानित लागत 2653 करोड़ रुपए है और भविष्य में इसे लखनऊ से जोड़ दिया जाएगा।

### आसमान छूने लगे जमीनों के दाम

सागर से कानपुर तक बन रहा एमपी-यूपी इकोनॉमिक कॉरिडोर आने वाले दिनों में बुंदेलखंड के कुछ जिलों के लिए वरदान साबित होगा। इसका असर भी अब दिखने लगा है। छतरपुर जिले में जहां-जहां से फोरलेन निकलेगी, वहां के जमीनों के दाम आसमान छूने लगे हैं। आने वाले दिनों में छतरपुर केन्द्र बिंदु बनेगा तो छतरपुर से अयोध्या, बनारस, कानपुर और लखनऊ का सफर आसान हो जाएगा। एमपी-यूपी इकोनॉमिक कॉरिडोर के तहत सागर-कबरई फोरलेन प्रोजेक्ट का काम तेज गति से चल रहा है। इस हाईवे का बड़ा हिस्सा बुंदेलखंड से गुजर रहा है, इसलिए यहां के कई जिलों को बड़ा फायदा मिलेगा।

### छतरपुर की 4 तहसीलों से गुजरेगा हाईवे

छतरपुर जिले की 4 तहसीलों से यह हाईवे गुजरेगा। जिसमें बड़ामलहरा, छतरपुर, महाराजपुर, नौगांव से होते हुए यूपी के महोबा, कबरई होते हुए निकलेगा। वहीं जिन लोगों की इस हाईवे में जमीन अधिग्रहण हुई है उनको सरकार के द्वारा मुआवजा मिलना शुरू हो गया है। हाईवे बनने के बाद जिले की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। रोजगार के साधन आने की संभावना दिखाई दे रही तो बड़े बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स खुलने के असर भी बनेंगे।

### सागर से कबरई तक 5 फेज में हो रहा काम

छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि नेशनल हाईवे 34 पर सागर से कानपुर तक कबरई-सागर मार्ग पर फोरलेन बनाया जा रहा है। सागर से कबरई तक फोरलेन का काम 5 फेज में किया जा रहा है। फेज-2 में होने वाले निर्माण के लिए हीरापुर साठिया घाट इलाके में निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। वहीं फेज-1 में सागर से मोहारी तक काम जारी है, जो करीब 38 किलोमीटर का फोरलेन छतरपुर के बड़ामलहरा तक बन रहा है। इसी तरह 5वें फेज में यह काम पूरा होगा। सागर से कानपुर तक फोरलेन हाईवे बनाने के लिए अप्रैल 2023 में डीपीआर मंजूर हुआ था और इसे साल 2026 तक तैयार करना है लेकिन 2027 तक इसके पूरा होने की संभावना बताई जा रही है।

### इन कंपनियों को मिला ठेका

इस प्रोजेक्ट की आधारशिला केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जनवरी 2023 में रखी थी। एनएचएआई ने साल 2026 तक इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस प्रोजेक्ट के तहत 223 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जाना है। पहले फेज के तहत सागर से मोहारी गांव तक 50 किलोमीटर लंबे हाईवे का काम एनएचएआई की सागर इकाई के अधीन तेजी से चल रहा है। छतरपुर जिले की सीमा में साठिया घाटी से चौका गांव तक तीसरे फेज में काम किया जाना है, इसका टेंडर वेल्जी रत्ना सोराठिया इंफ्रास्ट्रक्चर को मिला है।

## संपादकीय

### भारत की मिसाइलों का सटीक निशाना, चीन के सुरक्षा तंत्र की खुली पोल

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर भारतीय सीमा में रहते हुए जो मिसाइल स्ट्राइक की है उसने पाकिस्तान में तैनात एचक्यू-9 मिसाइल की विफलता को उजागर कर दिया है। चीन और पाक द्वारा जो दावे किए जा रहे थे उसकी पोल खुल गई है। भारत ने हाल ही में सिंदूर ऑपरेशन के जरिए आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल अटैक कर पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों को करारा जबाब दिया है। यह हमला मंगलवार की देर रात करीब 1:45 बजे किया गया था। मात्र 7 मिनट के इस हमले में ब्राह्मोस सहित अत्याधुनिक मिसाइलों और हथगोलों का इस्तेमाल भारतीय सेना द्वारा किया गया। भारत ने इस हमले में सुनिश्चित किया था। पाकिस्तान का कोई भी नागरिक ठिकाना या बुनियादी ढांचा क्षतिग्रस्त ना हो। भारत की सैन्य नैतिकता और सामरिक सूझ-बूझ का परिचय मिलता है। पाकिस्तान और चीन की तरफ से बार-बार दावा किया जाता रहा है। एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम दुनिया के बेहतरीन सुरक्षा कवचों में एक है। यह सिस्टम अभी तक कहीं उपयोग नहीं हुआ था। चीन का दावा था, उसका यह सिस्टम अमेरिका के पेट्रियट, इजराइल के आयरन डोम और रूस के एस-400 से बेहतर है। भारतीय सेना की मिसाइलों ने चीन की इस तथाकथित अभेद्य रक्षा प्रणाली को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया, जिसके कारण चीन की पोल खुल गई है। पाकिस्तान भी हैरान और परेशान है, चीन से उसने सबसे ज्यादा रक्षा सामग्री एवं सैन्य उपकरण खरीदे हैं। भारत की सेना द्वारा जिस तरह की रक्षा प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है उसको देखते हुए पाकिस्तान अब यह नहीं समझ पा रहा है, कि वह भारत का मुकाबला किस तरह से करेगा। चीन द्वारा पाकिस्तान को सौंपा गया यह सिस्टम एक भी भारतीय मिसाइल को इंटरसेप्ट नहीं कर पाया। पाकिस्तान की सेना और वायुसेना पूरी तरह अलर्ट मोड पर थीं। इस असफलता ने चीन की रक्षा तकनीक और उपायों की वास्तविकता उजागर कर दी है। भारत ने बिना हवाई हमले और बमवर्षक विमानों का प्रयोग किये बिना ही यह दिखा दिया है। आधुनिक युद्ध केवल सैनिकों की संख्या से नहीं, बल्कि रणनीति, तकनीक और संयम से जीते जा सकते हैं। भारतीय सेना ने इस अभियान में न केवल तीनों सेनाओं की एकजुटता, भारतीय सेना का सैन्य कौशल दिखाया, वरन यह भी साबित कर दिया, कि भारत अब केवल जुबानी प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं रहा। आवश्यकता पड़ने पर भारत निर्णायक कार्रवाई करने वाला राष्ट्र बन चुका है। जो दुश्मन के घर जाकर सटीक निशाना साधकर अपने दुश्मनों से बदला ले सकता है। इस घटनाक्रम से सैन्य विश्वसनीयता और क्षमता को लेकर विश्व में भारत की स्थिति मजबूत हुई है। अमेरिका, यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों को भारत द्वारा पहले से सूचित किया जा चुका था। यह भारत की वैश्विक कूटनीति की समझ और पारदर्शिता को प्रदर्शित करता है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के भीतर हड़कंप मचा हुआ है। पाकिस्तान द्वारा पिछले दो सप्ताह से इतनी बडी तैयारी के बावजूद चीन और पाकिस्तान मिलकर भी हमले को क्यों नहीं रोक पाए। भारतीय सेना का यह हमला केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। भारत का यह संदेश भी है, भारत की संप्रभुता से खिलवाड़ करने वालों को भारतीय सेना से हर स्तर पर जवाब मिलेगा। भारत तकनीकी, सैन्य और कूटनीतिक स्थिति की समझ रखती है। भारत की सेना के तीनों अंगों की एक जुटता, भारतीय सेना का साहस, भारतीय सेना का प्रशिक्षण और अत्याधुनिक सैन्य उपकरण, अत्याधुनिक संचार प्रणाली का कोई मुकाबला नहीं है। भारतीय सेना ने जो पराक्रम ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से किया है वह दुनिया भर के आतंकवादियों के लिए भी एक संदेश है। मसूद अजहर जैसे खूंखार आतंकवादियों के लिए एक सबक है। भारतीय सेना ने मात्र 7 मिनट के अंदर अपनी सीमा के अंदर ही रहते हुए उसके पूरे परिवार को निशाना साधकर पाकिस्तान में ही समाप्त कर दिया। इससे भारत के पड़ोसी देशों में भी हड़कंप की स्थिति है। भारतीय सेना के पराक्रम की चर्चा दुनिया के सभी देशों में हो रही है। भारत की सेना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है। यह साबित हो गया है। मात्र कुछ मिनट का ऑपरेशन कर दुश्मनों को सबक सिखाने की यह अनूठी घटना है। भारतीय सेना ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को नुकसान नहीं होने दिया। यह भारतीय सेना की संवेदनशीलता को भी दर्शाता है।

– सनत जैन

## राज काज

### चीन के अब क्यों बदल गए सुर

सीमा पर बार-बार आंख दिखाने वाले चीन के भी अब सुर बदलते दिख रहे हैं। दरअसल पाकिस्तान पर भारत की एयरस्ट्राइक से पड़ोसी मुल्क में भी हलचल मच गई है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में बढ़े तनाव के बीच चीन लगातार पाकिस्तान को समर्थन कर रहा था, लेकिन भारत के ऑपरेशन सिंदूर के सफल रहने के बाद चीन के सुर पूरी तरह बदल गए हैं। दरअसल अब चीन कह रहा है कि भारत और पाकिस्तान को क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए तनाव को कम करने पर ध्यान देना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करने से तनाव को कम करने में निर्णायक भूमिका निभाई जा सकती है। चीन के विदेश मंत्रालय का यहां तक कहना है कि वो मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतित हैं। भारत-पाकिस्तान हमेशा एक-दूसरे के पड़ोसी रहेंगे। ये दोनों देश चीन के भी पड़ोसी हैं। खास बात जो चीन ने कही वह यह कि चीन हर प्रारूप में आतंकवाद का विरोध करता है, लेकिन हम दोनों पक्षों को क्षेत्र में स्थिरता के लिए शांति बनाए रखने और किसी भी तरह के उकसावे की कार्रवाई से दूर रहने का आग्रह करते हैं।

### संकट की घड़ी में विपक्ष सरकार के साथ

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब देते हुए भारतीय सेनाओं ने संयुक्त रुप से ऑपरेशन सिंदूर चला पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के आकाओं को माकूल जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ ही केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई और यथा स्थिति से सभी को अवगत कराया। इस बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कुछ ऐसा कह दिया कि पाकिस्तान की सांसें रुक गईं। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और जब तक खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं होता, कार्रवाई जारी रहेगी। इसका सीधा मतलब यह है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, बल्कि यह जारी है। उन्होंने कहा कि इस एयरस्ट्राइक में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं। सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी इसकी पुष्टि कर दी। बैठक की खास बात यह रही कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्पष्ट कहा कि इस संकट के समय में हम सभी केंद्र सरकार के साथ हैं। इससे संदेश जाता है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अब और खुलकर जवाब दे सकता है।

### पीएम मोदी से डोभाल के मिलने से आशय

पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक की, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भी पहुंचे थे। यह बैठक शुरू होती उससे पहले ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास पर पहुंच गए। इससे संदेश यह गया कि मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ अब और बड़ा हमला करने वाली है। सूत्रों के हवाले से तो यही बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार और सेना फिर से एयरस्ट्राइक करने की तैयारी कर रही हैं। दरअसल एयरस्ट्राइक के पहले और दूसरे दिन में आतंकियों के खासे ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो सफल भी रहा। इसे देखते हुए अब अन्य ठिकानों पर भारतीय सेना हमला कर सकती है।

# आतंकवाद के विरुद्ध शौर्य का प्रतीक बना 'ऑपरेशन सिंदूर'

### आतंक के गढ़ में भारत का निर्णायक प्रहार


योगेश कुमार गोयल

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देकर एक बार फिर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित, सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य स्पष्ट था, आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है। 'सिंदूर' एक ओर जहां भारतीय संस्कृति में शक्ति, सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है, वहीं इस संदर्भ में यह उन शहीदों के बलिदान की लालिमा भी है, जिनकी शहादत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल उन आतंकी ढ़ांचों के विरुद्ध था, जो लगातार भारत में घुसपैठ, आत्मघाती हमले और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, वहीं मुजफ्फराबाद और कोटली लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के लिए लांच पैड के रूप में काम आते हैं। इन स्थानों पर हुए हमलों के माध्यम से भारत ने उन आतंकी गुटों की कमर तोड़ने की कोशिश की है, जो वर्षों से भारत को अस्थिर करने की कोशिश में लगे हुए थे। इस ऑपरेशनके जरिये भारत ने अपने नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि देश की सुरक्षा महज कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि उसे धरातल पर भी लागू किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेड़े हुए हैं।

भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी




ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिपक्वता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी।

बताया जा रहा है कि इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है, जिनमें लश्कर और जैश के कई शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं, जो भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान का स्थानीय मीडिया और प्रशासन पहले इस हमले को नकारते रहे, फिर अलग-अलग बयान देकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। पाकिस्तानी सेना के आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत ने 6 अलग-अलग स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिनमें 8 नागरिकों की मौत हुई। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी पर दावा किया कि भारत ने अपने ही हवाई क्षेत्र से हमला किया और मिसाइलें रिहायशी इलाकों पर गिरी। पाकिस्तान के दावे आपस में ही विरोधाभासी हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे न तो इस हमले के लिए तैयार थे और न ही उनके पास इसकी ठोस जानकारी है। वहीं, भारत ने इस ऑपरेशन के तुरंत बाद अमेरिका को इस कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ थी, न कि पाकिस्तान की संप्रभुता के विरुद्ध। भारतीय दूतावास ने अमेरिका में बयान जारी कर बताया कि भारत ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, केवल उन्हीं आतंकी शिविरों पर हमला किया गया, जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहे थे।

इस ऑपरेशन के पूरे समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी निगरानी कर रहे थे। उन्होंने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी थी और इस ऑपरेशन की बारीकियों पर लगातार नजर बनाए रखी। ऑपरेशन पूरा होने के बाद भारतीय सेना ने सोशल मीडिया

> भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिप[ ता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी।

प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'जस्टिस इज सर्व्ड' यानी 'न्याय हो गया' लिखा जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ इस कार्रवाई को राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। इस ऑपरेशन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ना स्वाभाविक था। पाकिस्तान की ओर से फायरिंग और जवाबी बयानबाजी जारी रही। पाकिस्तान के मीडिया ने प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए यह दावा किया कि पाकिस्तान ने भारत के 6 फाइटर जेट मार गिराए हैं, जिसमें 3 राफेल, 2 मिग-29 और 1 सुखोई शामिल हैं, साथ ही भारतीय सेना की 12वीं इन्फेंट्री ब्रिगेड के मुख्यालय को नष्ट करने का झूठा दावा भी किया गया। हालांकि भारत द्वारा इन बेबुनियाद झूठे दावों को सिरे से खारिज कर दिया गया है।

भारत का अगला कदम अब इस कार्रवाई को कूटनीतिक और रणनीतिक स्तर पर वैश्विक समर्थन में बदलना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत आतंकवाद के खिलाफ अपने दृष्टिकोण को और मजबूत तरीके से प्रस्तुत करेगा। अमेरिका, फ्रांस, रूस और इजरायल जैसे देश पहले ही भारत के साथ खड़े नजर आ रहे हैं परंतु संयुक्त राष्ट्र और इस्लामी देशों के संगठन (आईओसी) में पाकिस्तान अपने झूठे प्रचार को हवा देने की कोशिश अवश्य करेगा, इसलिए भारत को अब इस कूटनीतिक लड़ाई में भी स्पष्टता और तथ्यों के साथ आगे बढ़ना होगा। बहरहाल, ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य और कूटनीतिक परिपक्वता का प्रतीक है। इसने साबित कर दिखाया है कि भारत अब संयम और जवाबदेही के साथ अपनी रक्षा नीति पर अमल कर रहा है। 'सिंदूर' का रंग भले ही सांस्कृतिक दृष्टि से सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक हो परंतु इस सैन्य कार्रवाई में यह रंग आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिशोध और शौर्य का प्रतीक बन गया है। भारत ने दुनिया को यह बता दिया है कि वह न तो युद्ध चाहता है, न टकराव लेकिन यदि उसकी सीमाओं, नागरिकों और संप्रभुता को कोई चुनौती देगा तो उसका जवाब भी उतना ही सटीक, तीव्र और निर्णायक होगा। भारत का यह बदलता हुआ रवैया उसकी सुरक्षा नीति को नई दिशा दे रहा है और यह संकेत है कि आने वाले समय में कोई भी आतंकी घटना भारत को मूकदर्शक नहीं बनाएगी बल्कि तत्काल और निर्णायक प्रतिघात से दुश्मन की कमर तोड़ी जाएगी।

## सुविचार

तलवार ही सब कुछ है, उसके बिना न मनुष्य अपनी रक्षा कर सकता है और न निर्बल की। – गुरु गोविंद सिंह

निज भाषा उन्नति अहै, सब भाषा को मूल। बिनु निज भाषा ज्ञान के, मिटै न हिय को शूल। – भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

## प्रसंग

### आम आदमी

एक बार प्रसिद्ध विद्वान हजरत अबू बकर सिद्दिकी को मदीना का वजीर नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद प्रश्न उठा कि इतने बड़े विद्वान की तनख्वाह कितनी हो। वहां के बादशाह भी कोई निर्णय नहीं ले सके। काफी देर माथापच्ची करने के बाद अंत में यह निर्णय हुआ कि उनसे पूछ कर ही उनका वेतन तय किया जाए। बादशाह स्वयं उनके पास गए और उनके सामने अपनी समस्या रखी। अबू बकर ने कहा, जहांपनाह, यह तो कोई समस्या है नहीं। मैं कोई जनता से अलग तो हूं नहीं। बताइए, मदीना का एक औसत मजदूर महीने में कितना कमा लेता है? बादशाह ने कहा, तकरीबन एक दीनार तो कमा ही लेता है। अबू बकर ने कहा, ठीक है। मेरी तनख्वाह एक दीनार रखी जाए। बादशाह हैरत में पड़ गए। बोले, क्या कहा आपने? एक दीनार ! इससे ज्यादा तो मेरा नौकर कमाता है। आपकी बराबरी एक नौकर से नहीं हो सकती। अबू बकर ने कहा, आप मेरी बात नहीं समझ रहे हैं। आपने मुझे मुल्क का वजीर इसलिए बनाया है कि मैं यहां की गरीब जनता के हित में काम करूं। देश को तरक्की पर ले जाऊं। लेकिन जब मुझे यहां के आवाम के दर्द का पता ही नहीं चलेगा तो मैं कैसे उनके हित की बात सोचूंगा। एक मजदूर के बराबर तनख्वाह लेने से मुझे इतना तो पता रहेगा कि यहां साधारण लोग किस हाल में रहते हैं। वे अपना गुजर-बसर किस तरह से करते हैं और उनकी भलाई कैसे हो सकती है। हमारी तनख्वाह ज्यादा होगी तो हमें पता ही नहीं चलेगा कि देश में क्या हो रहा है। बादशाह ने फिर जोर देकर कहा, यह नियम के खिलाफहोगा। आप की तनख्वाह एक मजदूर के बराबर नहीं हो सकती।

## जरा हटके

### खतरनाक सब्जी साबित हो सकती है ब्रोकली

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने बाजार में उपलब्ध ब्रोकली के सैंपल में लिष्येरिया मोनोसाइटोजेनेस बैक्टीरिया का संक्रमण पाया है और इसे वापस मंगवाने के आदेश दिए हैं। अमेरिका में इस सब्जी को लेकर एक गंभीर चेतावनी जारी की गई है, क्योंकि इसमें एक घातक बैक्टीरिया पाया गया है, जो विभिन्न बीमारियों का कारण बन सकता है, और कभी-कभी यह जानलेवा भी हो सकता है।



लिष्येरिया मोनोसाइटोजेनेस एक खतरनाक बैक्टीरिया है जो फूड प्रोडक्ट्स में घुसने के बाद गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकता है। यह बैक्टीरिया खासतौर पर गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और नवजात बच्चों के लिए अत्यधिक खतरनाक है। यह शरीर के इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है, जिससे व्यक्ति गंभीर संक्रमणों का शिकार हो सकता है। लिष्येरिया मोनोसाइटोजेनेस का संक्रमण मेनिनजाइटिस, इंसिफलाइटिस और सेप्टिसीमिया जैसी खतरनाक बीमारियों को जन्म दे सकता है, जो जीवन के लिए संकट उत्पन्न कर सकती हैं।

सबसे घातक बात यह है कि यह बैक्टीरिया न केवल गर्मी में बल्कि ठंडे तापमान में भी जीवित रह सकता है। कुछ लोग ब्रोकली को कच्चा या हल्का गर्म करके सलाद के रूप में खाते हैं, जो इस बैक्टीरिया के संपर्क में आने का एक और तरीका बन सकता है। इसके संक्रमण के प्रारंभिक लक्षण पेट में दर्द, बुखार, सिरदर्द और ऐंठन हो सकते हैं। जैसे ही उल्टी और मतली जैसे लक्षण नजर आते हैं, यह संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है। प्रेग्नेंट महिलाओं में यह बैक्टीरिया गर्भपात का कारण भी बन सकता है।

## फोटो ऑफ द डे



रोम में नये पोप के चयन के लिए सेंट पीटर्स बेसीलिया में कंक्लेव के लिए पहुंचे कार्डिनल। वहीं इस दौरान कतार में पहुंचे लोग। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

### विभीषण की सरकार

-अभिनव शुक्ल

श्री राम और रावण के बीच काँटे की टक्कर हुई। काफ़ी समय तक यह अनुमान लगाना कठिन था कि इस रण में कौन विजयी होगा। एक बड़े रोमांचक मुकाबले में अंतत: विजय श्री राम की हुई। भारतवर्ष के सभी कवियों और गीतकारों ने युद्ध का अदभुत वर्णन किया है। विजेता के पक्ष में तथा हारने वाले के विपक्ष में कई समाचार पत्रों में लेख भी छपे। लोगों ने रामचंद्र की विजय को एक ऐसी विजय के रूप में परिभाषित किया जिससे आने वाले समय की गति का निर्धारण होना था। यह अंधकार पर उजाले की विजय थी ! यह अधर्म पर धर्म की विजय थी ! असुरों पर सुरों की विजय थी ! पाकिस्तान पर भारत की विजय टाईप थी।

लंका देश के कोलंबो नामक ग्राम में एक ग़रीब किसान वास करता था। उसके पास दो बीघा ज़मीन थी जिसपर वह खेती करता था। सरकार को कर देने के बाद उसके पास इतना बच जाता था कि वर्ष भर उसे भोजन के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता। इधर इस युद्ध के कारण रावण सरकार ने एक सुरक्षा टैक्स अलग से लगा दिया था जिसकी वजह से किसान की हालत ख़राब थी। युद्ध समाप्त हुआ, रावण के हाथ से सत्ता छिटक कर विभीषण के हाथों में आ गई। विभीषण ने युद्ध से पहले ही श्री राम से गठबंधन कर लिया था। यह तय हुआ था कि लंका का राजा विभीषण बनेगा और समुद्र सेतु पर गुज़रने वाले वाहनों से जो टैक्स मिलेगा वह अयोध्या भेजा जाएगा। किसान को ऐसा लगता था कि विभीषण के राजा बनते ही सभी समस्याओं का निदान हो जाएगा। विभीषण के समर्थक गाँव-गाँव घूमकर विभीषण के गुणों का गुणगान करते रहते थे। किसान ने ऐसे ही किसी से सुना था कि एक बार विभीषण राजा बन जाए तो उसके गाँव में स्कूल, अस्पताल और पक्की सड़क भी बन जाएगी। गाँव के बाहर जो शुगर मिल, मिल मालिकों एवं रावण सरकार के बीच गन्ने को समर्थन मूल्य के मुद्दे की वजह से पिछले कई बरसों से बंद चल रही थी, वह चालू हो जाएगी। किसान को लगता था कि एक बार मिल चल पड़े तो शायद उसका आवारा लड़का भी वहाँ नौकरी पा जाए तथा भले मानुस का जीवन बिताए। मन ही मन वह भी यह चाहने लगा था कि युद्ध में श्रीराम की ही विजय हो। जब विभीषण ने सत्ता सँभाली तो लंका की हालत दयनीय थी। एक तो हनुमान ने नगर भर को अग्नि के सुपुर्द करके बड़े-बड़े भवनों एवं अट्टालिकाओं को ध्वस्त कर दिया था वहीं दूसरी ओर इस असमय लड़ाई से राज्य की अर्थव्यवस्था की कमर भी टूट गई थी। विभीषण के सामने रावण के अनेक वर्षों के शासन में हुई गड़बड़ियों का पता लगाने की चुनौती भी थी। लंका में विभीषण राज्य के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यह भी आवश्यक था कि राज्य की सेना को मज़बूत किया जाए। वानरों के हाथों मिली पराजय से लंका के वीर भीतर तक टूट गए थे। उनके मनोबल को एक बार पुन: ऊँचा उठाने के लिए नए अस्त्रों-शस्त्रों एवं तकनीक का निर्यात भी आवश्यक था। मंत्रिमंडल का गठन, समाज के सभी वर्गों को उनका स्थान दिलाना, बेरोज़गारी की समस्या को सुलझाना, कानून व्यवस्था को सुधारना, जगह-जगह श्रीराम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान जी की मूर्तियों का अनावरण करना, नगरों एवं विश्वविद्यालयों के नाम बदलना, जनता के मन से कुंभकरण एवं रावण के आतंक को मिटाना आदि कार्य भी विभीषण की प्रमाणित सूची में सबसे आगे थे।

## चिंतन-मनन

### दौलत की चाह

संत जुनैद की एक झलक पाने और उनसे ज्ञान की बातें सुनने के लिए लोग बेकरार रहते थे। पर जुनैद दुनियावी चीजों से तटस्थ और निर्लिप्त रहते थे। वह खाने-पीने और अपने कपड़े से भी बेपरवाह रहते थे। वह हर समय घूमते रहते थे। जहां भी रात होती वह वहीं टिक जाते। एक बार वह एक बड़े शहर के बाहर रुके तो शहर के जाने-माने एक सेठ उनके दर्शन के लिए आ पहुंचे। वह अपने साथ ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं लेकर आए थे।

उन्होंने उसकी थैली जुनैद के चरणों में रख दी और हाथ जोड़कर खड़े हो गए। जुनैद ने थैली पर नजर डाली, फिर मुस्कराते हुए पूछा-क्या इसके अलावा भी आपके पास और दौलत है? सेठ जी ने प्रसन्न होकर सोचा कि जुनैद को और भी धन चाहिए। सेठ ने कहा-मेरे पास तो इससे कई गुना धन-संपत्ति और है। सेठ ने पूछा-क्या आप और दौलत पाने की ख्वाहिश रखते हैं? सेठ ने कहा- हां, हां क्यों नहीं, अब इतने से क्या होता है। थोड़ी और दौलत मिल जाए तो जिंदगी बेहतर हो जाएगी।

जुनैद ने कहा- तब तो ये दौलत भी आप ही रख लीजिए। इसकी असल जरूरत तो आपको ही है। आपको और धन-संपत्ति चाहिए। इतना आप मुझे ही दे देंगे तो आपका खजाना थोड़ा खाली हो जाएगा। जिसके पास सब कुछ हो लेकिन और पाने की चाह हो, उसके दान का भी कोई अर्थ नहीं है। यह सुनकर सेठ जी लज्जित हो गए। उन्होंने जुनैद से वादा किया कि वह अब और दौलत के पीछे नहीं भागेंगे।

## स्वास्थ्य

### प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना सेहत के लिए गंभीर खतरा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** हेल्थ विशेषज्ञों का कहना है कि जब प्लास्टिक की बोतलें तेज धूप में बंद कार के भीतर रहती हैं, तो बढ़े हुए तापमान के कारण उनमें से खतरनाक रसायन पानी में घुलने लगते हैं। गर्मियों में कार में सफर के दौरान प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना अब आपकी सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

ये रसायन धीरे-धीरे शरीर के अंदर जाकर न सिर्फ हार्मोनल असंतुलन पैदा करते हैं बल्कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा भी बढ़ाते हैं। जानकारों के अनुसार, गर्म कार में प्लास्टिक की बोतलें बिसफेनॉल-ए (बीपीए) और एंटिमनी जैसे जहरीले तत्व छोड़ती हैं। ये रसायन पानी में घुलकर शरीर में प्रवेश करते हैं और धीरे-धीरे विषैले प्रभाव छोड़ते हैं। लंबे समय तक इनका सेवन करने से हार्मोन प्रणाली पर बुरा असर पड़ता है और मेटाबोलिज्म से लेकर दिल और पेट की गंभीर बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। मेडिसीन विशेषज्ञों का कहना है कि अधिकतर प्लास्टिक बोतलों में पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट (पेट) नामक पदार्थ होता है, जो गर्मी में प्रतिक्रिया कर खतरनाक केमिकल्स को छोड़ने लगता है। बीपीए एक एंडोक्राइन डिसरप्टर होता है, जो हार्मोन के संतुलन को बिगाड़ देता है। इससे शरीर की कार्यप्रणाली बाधित होती है, जैसे मेटाबोलिज्म की गड़बड़ी, हृदय रोग, और इंसुलिन रेजिस्टेंस।

# पाक ने की गलती, अब चीन की पीएल-15 मिसाइल का खुलेगा राज

## भारतीय अधिकारियों ने पाके से दागी गई मिसाइलों के मलबे किए बरामद

**बीजिंग।** भारत की सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के साथ तनाव चरम पर है। गुरुवार को दोनों के बीच जंग जैसे हालात बन गए। एक दूसरे के खिलाफ ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल हुआ। भारत ने एस-400 मिसाइल डिफेंस से पाकिस्तानी हमले को नाकाम कर दिया। वहीं भारतीय हथियार पाकिस्तान में अपने लक्ष्य पर गिरे। इस बीच भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान से दागी गई मिसाइलों के मलबे बरामद किए हैं। इसमें सबसे अहम मलबा चीन में बनी पीएल-15ई बियांड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल का है।

चीनी मिसाइल के मलबे की यह बरामदगी इसलिए और खास है क्योंकि यह करीब पूर्ण अवस्था में मिला है। इसका मतलब है कि अब भारत को इस चीनी मिसाइल के राज पता लग सकता हैं। पंजाब के होशियारपुर से बरामद किए गए मलबे में अधिकारियों को अहम चीजें बरामद हुई हैं, जिसमें प्रपल्शन सिस्टम, डेटालिंक और इनर्शियल रेफरेंस यूनिट शामिल है। हाल ही में मिला यह मिसाइल की तीसरा मलबा है। माना जाता है कि पाकिस्तान ने इस चीनी मिसाइल को भारतीय लड़ाकू विमानों को निशाना बनाने के नाकाम प्रयास के तहत दागा था। मलबे को होशियार के एक ग्रामीण क्षेत्र में पाया गया है। पहले दो मिले मलबों की तुलना में इस बार मिसाइल काफी पूर्ण अवस्था में है। इसके मिसाइल के डिजाइन और इसकी प्रदर्शन क्षमता के बारे में महत्वपूण जानकारी जुटाने में मदद मिलेगी। जानकारी के मुताबिक मलबे को डीआरडीओ के पास भेजा गया है।

पीएल-15ई चीन की पीएल-15 मिसाइल का एक्सपोर्ट वर्जन है। इस मिसाइल में डुअल पल्स प्रोपेलेंट रॉकेट मोटर और एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रेडार लगा हुआ है। यह मिसाइल मैक 5 की स्पीड से 145 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद लक्ष्य को निशाना बना सकती है। डेटा लिंक और इनर्शियल रेफरेंस यूनिट मिसाइल निशाना लगाने की सटीक क्षमता को सुनिश्चित करते है।



पाकिस्तान के कराची शहर में भारतीय ड्रोन हमलों के बाद एक इमारत को हुए नुकसान का जायजा लेते हुए आम लोग और सुरक्षाकर्मी।

# पीएम शहबाज गीदड़ हैं, मोदी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला: सांसद शाहिद

## पाकिस्तान सरकार बोली- करांची पोर्ट पूरी तरह सुरक्षित, उड़ाने की खबर झूठी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सांसद शाहिद अहमद खट्टक ने पीएम शहबाज शरीफ को गीदड़ कहा है। नेशनल असेंबली में बोलते हुए शाहिद ने कहा कि पीएम शहबाज ने भारत के पीएम मोदी के खिलाफ एक शब्द नहीं कहा। दूसरी तरफ पाक सरकार ने करांची पोर्ट को उड़ाने से जुड़ी खबरों को झूठा बताया है। करांची पोर्ट के एक्स हैंडल ने इसकी जानकारी देते हुए पोर्ट को सुरक्षित बताया है।

वहीं पाकिस्तान सेना प्रवक्ता ने शुक्रवार को दावा किया कि अब तक भारत के 35 ड्रोन को मार गिराया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के हमलों में उनके 31 लोग मारे गए हैं जबकि 57 घायल हुए हैं। इससे



पहले गुरुवार को पाक सेना ने 25 ड्रोन को मार गिराने की बात कही थी। सेना प्रवक्ता के मुताबिक भारत ने 9 जगहों पर ड्रोन हमले किए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बुधवार को हुए भारतीय ड्रोन हमलों का मकसद पाकिस्तान के अंदर ठिकानों की पहचान करना था। दरअसल पाकिस्तान ने गुरुवार बताया था कि भारत ने उसकी 9 जगहों पर ड्रोन से हमला किया है। इस दौरान पाक ने 25 ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया। पाक अधिकारियों के मुताबिक इन ड्रोन्स को अगर एयर डिफेंस सिस्टम से मारा जाता तो, उन एयर डिफेंस की जानकारी भारत को मिल जाती।

शुक्रवार को पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली में सांसद शाहिद ने शहबाज शरीफ पर हमला बोला और कहा कि उनकी तरफ से भारत को लेकर एक भी बयान नहीं आया है। सांसद ने कहा मुझे टीपू सुल्तान का एक बयान याद आ रहा है। अगर एक सैन्य टुकड़ी जिसका सरदार शेर हो और उस लश्कर में गीदड़ हों तो वो सभी शेर की तरह लड़ते हैं। वहीं, अगर शेरों के लश्कर का सरदार गीदड़ हो तो वे नहीं लड़ सकते। वे जंगे हार जाते हैं।

सांसद इतने पर ही नहीं रुके। उन्होंने शहबाज शरीफ को बुजदिल बताया। पाकिस्तानी सांसद ने आगे कहा कि इस वक्त बॉर्डर पर खड़ा फौजी हमारी तरफ उम्मीद से देख रहा है। देश का पीएम आईना होता है। वो उसकी तरफ देख रहा है कि हमारा लीडर दिलेरी से मुकाबला करेगा।

# ट्रंप ने एक हजार ट्रांसजेंडर सुरक्षाकर्मियों को निकालने का दिया आदेश

## 30 दिन में बताएं पहचान, अब अमेरीकी सेना में ट्रांसजेंडरों की नहीं होगी भर्ती

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने सेना से ट्रांसजेंडरों को बाहर निकालने का आदेश दिया है। मीडिया रिपोर्ट में यूएस रक्षा मंत्रालय के मुताबिक अपने आप को ट्रांसजेंडर बताने वाले 1000 सुरक्षाकर्मियों को सेना से तुरंत बाहर निकालने का आदेश जारी किया गया है। इसके अलावा ऐसे सैनिक जो खुले तौर पर अपने आप को ट्रांसजेंडर नहीं मानते हैं, उन्हें भी 30 दिन के अंदर अपनी पहचान बताने और सेना से बाहर जाने के लिए कहा गया है।

अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन को इस मुद्दे पर इजाजत दे दी थी कि वह ट्रांसजेंडर्स को सेना से बाहर कर सकते हैं या फिर उन्हें आने से रोक सकते हैं। कोर्ट के इस फैसले के बाद पेंटागन ने यह कदम उठाया है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि रक्षा विभाग में अब ट्रांसजेंडर नहीं होंगे। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यह तय करना मुश्किल होता है कि सेना में कौन ट्रांसजेंडर है और कौन नहीं.. हालांकि सैनिकों के मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर इसका पता लगाया जा सकता है। इसके बाद जितने भी सैनिक इस सूची में आएंगे उनको सेना से बाहर कर दिया जाएगा।

पेंटागन के प्रवक्ता ने बयान में कहा कि फिलहाल जिन 1000 सैनिकों को सेना से बाहर निकालने का आदेश जारी किया गया है यह वह लोग हैं जो पहले ही अपनी पहचान को ट्रांसजेंडर के रूप में सार्वजनिक कर चुके हैं। जल्द ही इन्हें सेना से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू होगी।

# शाहबाज के मंत्री का बयान, भारतीय दवाओं पर निर्भरता कम करे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने भारतीय दवाओं पर निर्भरता को देश के लिए खतरा बता दिया है। उन्होंने दवा कंपनियों से निर्भरता को कम करने की सलाह दी है। पाक मंत्री मुस्तफा ने भारत को गैर-भरोसमंद दुश्मन बताकर कहा कि भारतीय दवाओं को कम से कम इस्तेमाल करे।

दूसरी ओर पाकिस्तान के इकोनॉमिक अफेयर डिवीजन ने पोस्ट कर दुनिया से कर्ज मांगा है। हालांकि पाक सरकार ने पोस्ट को फर्जी बताकर कहा कि यह अकाउंट हैक हो गया है। पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता ने दावा किया कि अब तक भारत के 35 ड्रोन को मार गिराया गया है। उन्होंने यह भी कि भारत के हमलों में उनके 31 लोग मारे गए हैं जबकि 57 घायल हुए हैं। इससे पहले गुरुवार को पाक सेना ने 25 ड्रोन को मार गिराने की बात कही थी। सेना के प्रवक्ता के मुताबिक भारत ने 9 जगहों पर ड्रोन हमले किए थे।

## लॉफिंग ज़ोन

संता: 'बचपन में मैं एक बार दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया था।'

बंता: 'फिर क्या हुआ ? तुम मर गए या जिंदा बचे ?'

संता: 'बहुत पुरानी बात है यार ... अब याद नहीं।'

□ □ □

संता - बंता एक कार में बम लगा रहे थे।

संता: 'अगर बम लगाते समय यह फ्ट गया तो ?'

बंता: 'अरे तो क्या हुआ मेरा पास एक और बम है।'

□ □ □

पत्नी- घर में सिर्फ1 चम्मच चीनी पडी है और तुम दोस्त के लिए चाय बनाने को कह रहे है।

पति- कोई बात नही, तुम मेरी चाय में चीनी मत डालना।

बस 1 किस दे देना, चाय मीठी हो जाएगी।

पत्नी- आइडिया अच्छा है। मै दोनों ही कंपो में चीनी नही डांलूगी।

□ □ □

शादी पर शहनाई बज रही थी। संतो ने संता से पूछा, ये कौन सी धून बज रही है।

संता बोला, वही जो तूफान के आने से पहले बजाई जाती है।





## प्रसंगत: पत्नी की चूड़ियां

बीरबल की बुद्धि की परिक्षा लेने के लिए बादशाह अकबर अक्सर बेसिर-पैर कि बातें पूछते थे। एक दिन बादशाह ने पूछा- बीरबल ! तुम दिन में अपनी पत्नी का हाथ एक या दो बार तो पकड़ते ही होंगे। बीरबल बोले- हां, जहांपनाह ! क्या तुम बता सकते हो कि तुन्हारी पत्नी के हाथ में कितनी चूड़ियां हैं? यह बात सुनकर बीरबल एक बार तो असमंजस में पड़ गए। उन्होंने कभी पत्नी के हाथ की चूड़ियों की गिनती नहीं की। थोड़ी देर सोचने का बाद अचानक बीरबल का बुद्धि दौड़ी और वे बोले- हां, मैं इस बात का जवाब दे सकता हूं। इसके पहले मेरी एक बात का जवाब देना होगा। अकबर ने कहा- पूछो-पूछो अपनी बात। बीरबल बोला- जहांपनाह, मैं तो पत्नी के हाथ दिन में एक आध बार ही लगाता हूं। पर आप हर वक्त अपनी मूंछ पर हाथ रखते हो इसलिए पहले आप बताओ की आपकी मूंछ में कितने बाल हैं। अरबर बीरबल की बात सुनकर निरूत्तर हो गए। बीरबल के ठहाके के बीच बात आई-गई हो गई।

## दैनिक पंचांग

**10 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.42 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मिथुन | 07.40 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.53 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.09 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.21 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.32 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.47 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.03 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.08 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 00.54 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मीन | 02.27 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 03.58 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 130 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 17.30 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 03.15 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** सिद्धि (असृक) 04.01 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** तैतिल 17.30 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 38'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872340
**जूलियन दिन** 2460805.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 11

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि त्रियोदशी, शनिवासरे, चित्रा नक्षत्रे, सिद्धयोग, तैतिल करणे, तुला की चंद्रमा, सर्वार्थ सिद्ध योग, रवियोग गृहारंभ गृह प्रवेश तथापि सुबह दक्षिण दिशा की यात्रा दोपहर बाद पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उद्यमी, उत्तम वृत्तिवाला, जिद्दीहठी, स्वाभिमानी, पुलिस प्रशासक, मिलेट्री मैन, सैनिक, सिपाही, कर्नल, ब्रिगेडियर, कमान्डर, दस्ता नायक, सेना नायक, दानीमानी, वक्ता होगा।




मेष राशि: सामाजिक कार्यों में प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि, कार्य कुशलता से संतोष होगा।
वृष राशि: व्यर्थ थकावट, बेचैनी, मानसिक विभ्रम, धन का व्यय होगा, भ्रमणशीलता होगी।
मिथुन राशि: विशेष कार्य स्थिगित रखें, सामाजिक कार्यों में प्रभुत्व वृद्धि होगी, कार्य करें।
कर्क राशि: इष्ट मित्रों से सुख, समय ऐश्वर्य-विलास व उत्साह में बीतेगा तथा सुख होगा।
द्विसंह राशि: सामाजिक कार्यों में समय बीते, प्रतिष्ठा, समय पर सोचे कार्य पूर्ण होंगे, ध्यान दें।
कन्या राशि: दूसरों के कार्यों में समय शांति नष्ट न करें, व्यावसायिक क्षमता में बाधा होगी।
तुला राशि: अनायास विभ्रम, मानसिक बेचैनी, स्वभाव नरम-गरम रहेगा, हर्ष से कुशलता की संभावना।
वृश्चिक राशि: धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष, कुशलता से संतोष हो, तनाव व क्लेश से बचें।
धनु राशि: तनाव व क्लेश, अशांति, मानसिक बेचैनी, उद्विघ्नता, कार्य-योजनाऐं बनी रहेंगी, व्यवसाय हो।
मकर राशि: योजनाएँ फलीभूत हों, मित्रों से परेशानी, चिन्ता होगी, मानसिक विभ्रम हो सकता है।
कुंभ राशि: इष्ट मित्र सुखवर्धक हों, व्यवसाय गति अनुकूल, चिन्ता कम होगी।
मीन राशि: किसी अपने का कार्य बनाने से संतोष, दैनिक अनुकूलता बनी रहेगी, ध्यान दें।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# शहबाज के दावों की खुली पोल- लोगों ने पूछा भारत के 5 जेट गिराए तो ड्रोन कैसे घुस आए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ झूठ बोलकर अपनी नाक बचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तानी सेना ने भारत के 5 जेट गिरा दिए है। उनके इस दावे पर लोगों ने पूछा शहबाज भाई जब 5 जेट विमान गिराए हैं तो ये ड्रोन कहां से घुस आए। दरअसल पाकिस्तानी सरकार ने पूरी दुनिया के सामने झूठ बोला कि उन्होंने भारत के पांच फाइटर जेट गिरा दिया। लेकिन उनके दावों पर पाकिस्तान के अंदर ही सवाल उठ रहे हैं। पूर्व पीएम इमरान खान की बहन अलीमा खान ने शहबाज के इन दावों की धज्जियां उड़ा दीं। अलीमा ने शहबाज शरीफ पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि भारत के साथ विवाद जानबूझकर किया जा रहा है, ताकि पीटीआई पर एक्शन लिया जा सके और उस पर किसी का ध्यान न जाए।

गुरुवार को इस्लामाबाद में अलीमा खान ने मीडिया से बात करते हुए शहबाज शरीफ के दावों को खारिज कर दिया। शहबाज ने नेशनल असेंबली में दावा किया था कि भारत ने 80 विमानों से पाकिस्तान पर हमला किया, और पाकिस्तानी वायुसेना (पीएएफ) ने पांच भारतीय जेट ढेर कर दिए। लेकिन अलीमा ने इसे 'झूठ का पुलिंदा' करार दिया। एक वायरल वीडियो में उन्होंने कहा, 'ये दावा कर रहे हैं कि जेट गिराए। शरीफ की सरकार ये शेखी बघार रही है? तो ये जो ड्रोन पर ड्रोन आ रहे हैं, भारत से आकर रावलपिंडी तक पहुंच रहे हैं। ये पिंडी तक पहुंचे कैसे?' अलीमा खान ने शहबाज शरीफ सरकार पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया था कि नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ जानबूझकर युद्ध जैसे हालात बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान में जो स्थिति बनी, वो जानबूझकर बनाई गई है ताकि इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को निशाना बनाया जा सके।

# अमेरिकी विदेश मंत्री ने की पाक पीएम से बात कहा- आतंकवाद को समर्थन देना बंद करो

**वाशिंगटन।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान से तनाव कम करने की अपील की है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से अलग-अलग बातचीत की। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से कहा गया है कि रुबियो ने दोनों देशों से तत्काल तनाव कम करने की जरूरत पर बल दिया। साथ ही अमेरिका ने यह भी दोहराया कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करता है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका ने भारत के साथ एकजुटता दिखाई है और पाकिस्तान से आतंकियों को समर्थन देना बंद करने की अपील की है। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि विदेश मंत्री ने तुरंत तनाव कम करने की जरुरत पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तान से आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कदम उठाने की मांग की। रुबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की और पहलगाम हमले पर शोक जताया। इस बातचीत की पुष्टि एस. जयशंकर ने की। उन्होंने एक्स पर लिखा- आज शाम अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो से बात हुई। जयशंकर ने भारत के साथ आतंकवाद के खिलाफ साझेदारी के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की सराहना की। जयशंकर ने लिखा- भारत ने सीमापार आतंकवाद के खिलाफ निशाने पर रखकर सीमित जवाब दिया है। किसी भी उकसावे का मजबूती से जवाब देंगे। अमेरिकी सीनेटर मार्को रुबियो ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से फोन पर बात कर क्षेत्र में बढ़ते तनाव को कम करने की जरूरत पर जोर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### आदतन अपराधी को हर माह पुलिस थाना में उपस्थित होने के निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने दफाई खलवारा बाजार कैमोर थाना निवासी मोहम्मद इबरार उर्फ इब्बू पिता मोहम्मद सलाम उम्र 26 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने 26 वर्षीय मोहम्मद इबरार उर्फ इब्बू के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। मोहम्मद इबरार के विरूद्ध जुआं खेलने और एससी एसटी एक्ट सहित कई अन्य अपराध जैसे डकैती एवं हत्या के मामले पंजीबद्ध है और विभिन्न न्यायालयों में प्रकरण प्रचलित है। इसलिए आदतन अपराधी मोहम्मद इबरार के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक हर माह पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### आगामी 23 को कवि सम्मेलन

**पिपरिया।** अनहद साहित्यिक सांस्कृतिक लोक कला मंच का वार्षिक कार्यक्रम कवि सम्मेलन आगामी 23 मई को रात्रि 9 बजे से मंगलवारा चौराहे पर होगा। कार्यक्रम संयोजक कवि हरीश पांडे ने बताया कि कवि सम्मेलन में रचना पाठ करने जिन कवियों को आमंत्रित किया गया है। उनमें फैजान हिंदुस्तानी वीर रस राजगढ़, महेंद्र मधुर गीत छन्द आष्टा, माधुरी किरण गीत गजल बालाघाट, सुनील तन्हा हास्य करेली की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। एवं देश प्रदेश के अन्य मंचीय कवियों से स्वीकृति हेतु संपर्क जारी है। अनहद संयोजक श्रीकृष्ण शर्मा ने बताया संस्था का कवि सम्मेलन कार्यक्रम रंग पर्व रंगपंचमी की पूर्व संध्या पर प्रतिवर्ष होता आया है लेकिन इस वर्ष अप्हार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया था जो आगामी 23 में को होगा संस्था के साहित्यिक सांस्कृतिक वैचारिक तीन वार्षिक आयोजन है जिन्हें संस्था हर वर्ष भव्यता पूर्ण ढंग से करती है।

### होटल, लॉज, धर्मशाला, पेईंग गेस्ट आदि के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधित आदेश

**शाजापुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत शाजापुर जिले की राजस्व सीमा में अपराधिक गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों, विध्वंस गतिविधियों पर निगाह रखने को दृष्टिगत रखते हुये लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया है।

जिसके अनुसार होटल, लॉज, धर्मशाला, पेईंग गेस्ट होस्टलों आदि में बाहर से आकर रूकने वाले व्यक्तियों को उसके प्रबंधको एवं मालिक के लिये यह अनिवार्य किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को ठहरने की अनुमति देने के पूर्व प्रमाणित पहचान पत्र के पश्चात ही सही व्यक्ति की संतुष्टि होने पर ही उसे ठहरने की अनुमति दे एवं उसके सम्पूर्ण विवरण के साथ उसकी सूचना थाने को उसी दिन दें।

प्रत्येक मकान मालिक एवं किसी घरेलू नौकर के स्वामी के लिये यह आवश्यक होगा की उसके मकान में किराये से रह रहें व्यक्तियों के बारे में तथा जब भी नये किरायेदार को मकान किराये पर दें अथवा ऐसा कोई घरेलू नौकर रखे तब तत्संबंधि सूचना संबंधित थाने में अनिवार्य रूप से देगें।

### धारा 163 के तहत जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के प्रतिबंधित

**शाजापुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत जन सामान्य के कल्याण एवं लोक शांति को कायम रखने के लिए शाजापुर जिले के अंतर्गत आने वाली सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में मौजूदा हालातों के मद्देनजर म0प्र0 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के निर्देशों के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के प्रतिबंधित किया है। जारी आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति या समूह किसी भी आयोजन, जुलूस, रैली में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की बिना अनुमति के नहीं करेगा।

# महापौर की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक संपन्न

### नगर विकास के महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर एमआईसी में हुआ निर्णय

### पीएम आवास के हितग्राहियों की सूची का हुआ अनुमोदन

**कटनी।** नगर विकास एवं नागरिकों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में कल मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रस्तुत महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बी.एल.सी घटक के 214 हितग्राहियों की सूची के अनुमोदन संबंधी प्रस्ताव के संबंध में आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के नवीन प्रावधानों एवं कुल प्राप्त आवेदनों की जानकारी से अवगत कराते हुए कहा गया कि योजना के संबंध में शासन से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में 30 अप्रैल तक ऑनलाइन वेब पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के पात्रता परीक्षण एवं भौतिक सत्यापन हेतु नगर निगम एवं राजस्व विभाग का संयुक्त सर्वेक्षण हेतु 5 दल गठित किये गए है। भौतिक सत्यापन उपरांत कुल 214 आवेदन पात्र पाए गए है। जिनके संबंध में निर्धारित समयावधि में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है।

प्रस्ताव के संबंध में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा कर शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ तय समय सीमा में अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को प्रदान करने के आवश्यक निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत एएचपी घटक के प्रथम चरण के तहत बिलहरी मोड़ झिंझरी में अपूर्ण एलआई एवं एम.आई.जी आवास के विक्रय के संबध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा उपरांत निविदा समिति की अनुशंसा अनुसार निविदाकार की दर की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिए । बैठक में अमृत 2.0 अंतर्गत सीवरेज प्रोजेक्ट कार्य हेतु प्राप्त दरों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य हेतु जारी निविदा में 3 निविदाकारों ने भाग लिया है। फाइनेंशियल बिड खोले जाने के उपरांत प्राप्त न्यूनतम दर के संबध में निविदा समिति की अनुशंसा एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास की राज्य तकनीकी समिति की बैठक के अनुमोदन अनुसार अमृत 2.0 सीवरेज प्रोजेक्ट कार्य करने हेतु निविदाकार व्रिज कंस्ट्रक्शन की न्यूनतम दर राशि की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।



इसके अतिरिक्त नगर के वीर सावरकर वार्ड स्थित पुरानी बसाहट की चौधरी रैदास अहिरवार समाज के श्रमजीवी एवं सनातन धर्म के महान संत शिरोमणि रविदास जी के अनुयायी नागरिक बंधुओं की बस्ती का नामकरण संत रविदास नगर किये जाने संबंधी प्रस्ताव की अनुशंसा कर स्वीकृति हेतु निगम परिषद में रखे जाने का निर्णय लिया गया। कर्मचारियों की नवनियुक्तियों संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के दौरान वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर के बड़े नालों की सफाई का कार्य ठेके पर कराये जाने तथा निकाय में कटनी 311 मेयर सेवा एप्प व्यवस्था लागू किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर भी चर्चा की जाकर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू शिब्बू अवकाश जायसवाल एडवोकेट सुरेन्द्र गुप्ता गोविंद चावला जयनारायण निषाद श्रीमती बीना संजू बैनर्जी सुमन राजू माखीजा तुलसा गुलाब बेन कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक सहायक यंत्री अनिल जायसवाल उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय मृदुल श्रीवास्तव स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहायक लेखापाल श्रीकांत तिवारी कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटेल निगम सचिव पारसनाथ प्रजापति गिरिराज पाठक सहित नगर निगम के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

## पांच स्थानों में आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

### करदाताओं को अधिभार में मिलेगा छूट का लाभ

### महापौर एवं निगमायुक्त नें करदाताओं से छूट का लाभ प्राप्त करने की, की अपील

**कटनी।** शासन निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम द्वारा 10 मई शनिवार को नगर के विभिन्न पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, सुभाष चौक, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय तथा बस स्टेंड में किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमायुक्त नीलेश दुबे नें लोक अदालत के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इस हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करनें के निर्देश प्रदान कर निगम करदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में मिलनें वाली छूट का लाभ प्राप्त प्राप्त करने की अपील की है।

राजस्व अधिकारी नगर निगम जागेश्वर प्रसाद पाठक नें बताया कि नेशनल लोक अदालत में करदाताओं को विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि, अधिभार पर शासन नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रुपये से अधिक तथा 1 लाख रुपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रुपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी।

जबकि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10 हजार रुपये से अधिक तथा 50 हजार रुपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रुपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी, छूट उपरांत राशि अधिकतम दो किस्तों में जमा कराई जाएगी, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा कराई जाएगी, शेष राशि अधिकतम एक माह में जमा कराना अनिवार्य होगा।

## मैहर स्टेशन के दो टिकट निरीक्षकों को मिला अवार्ड



**मैहर।** रेलवे बोर्ड के तय लक्ष्य का पालन करते हुए चल टिकिट निरीक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए सीनियर डीसीएम डॉ. मधुर वर्मा द्वारा मैहर उड़न दस्ते के राजेन्द्र कुमार यादव एवं बलवीर कुमार राणा मुख्य चल टिकिट निरीक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य जबलपुर द्वारा सम्मानित किया गया। स्टेशन प्रबंधक नरेन्द्र सिंह, स्टेशन वाणिज्य प्रबंधक कुमारी शारदा, मुख्य टिकट निरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय एवं समाजसेवी बलराम जग्यासी, संजय राय सत्यभान सिंह, संजय जादवानी तथा जयंत जैन आदि ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी है।

## पवित्र पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे हजारो लोग



**मैहर।** स्थानीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के ज्येष्ठ भ्राता पंडित गणेश प्रसाद चतुर्वेदी का स्वर्गवास विगत 4 मई को इंदौर में हो जाने पर समूचे विधानसभा क्षेत्र में शोक की लहर ब्याप्त रही। इसी तारतम्य में शुक्रवार को अपराह 3 बजे सरना पैलेस मैहर में पवित्र पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि देने पुष्पांजलि सभा आयोजित की गई। श्रीराम जानकी मंदिर बड़ा अखाड़ा के पूज्य संत सीता बल्लभ शरण जू महाराज ने बेदमंत्रो के साथ उन्हें पुष्पांजलि देकर भगवान से श्री चरणों में रखने कि कामना की गई। पुष्पांजलि देने वालों में कमलेश सुहाने, सुरेश तिवारी, डा. कैलाश जैन, संतोष सोनी, सूर्यप्रकाश चौरसिया, कुलदीप तिवारी, सतीश मिश्रा, आरके सिंह, रविनंदन मिश्रा, बलराम जग्यासी, नितिन ताम्रकार, सत्यभान सिंह, पीएल द्विवेदी संजय जादवानी, इन्द्रजीत सिंह मैनी, जयंत जैन एवं भक्तराज दुबे सहित हजारो की संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## 10 बार गायत्री मंत्र का जाप करने की दी शिक्षा



**मैहर।** श्रीराम जानकी मंदिर बड़ा अखाड़ा के पूज्य संत सीता बल्लभ शरण जू महाराज शुक्रवार को उपनयन संस्कार में शामिल हुए। युवा समाजसेवी आशीष बबला मिश्रा के चिरंजीव प्रणव बंदित मिश्रा का उपनयन संस्कार शुक्रवार को पूरे विधि विधान एवं धूमधाम के साथ किया गया। बड़ा अखाड़ा के पूज्य संत महाराज श्री ने प्रणव मिश्रा को गायत्री मंत्र दिया और अपने आशिर वचन में कहा कि आज से प्रतिदिन स्नान के बाद 10 बार गायत्री मंत्र का जाप करना है। और जनेऊ धारण के वृत व नियम का पालन करना अनिवार्य होगा। इस अवसर पर पुजारी दीनदयाल शरण जू महाराज, भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, रामनिवास उरमलिया, सुरेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, प्रभात द्विवेदी, सूर्यप्रकाश चौरसिया, कुलदीप तिवारी, राजललन मिश्रा, रविनंदन मिश्रा, नितिन ताम्रकार, पीएल द्विवेदी एवं सुशील तिवारी सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### सोशल साईट्स पर आपत्तिजनक संदेशो, चित्रों, वीडियों आदि प्रसारित करना प्रतिबंधित

**शाजापुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए लोक शांति एवं कानून व्यवस्थ बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत शाजापुर जिले की राजस्व सीमा के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार सोशल साईट्स जैसे कि फेसबुक, व्हाटसएप, ट्वीटर (एक्स), इंस्टाग्राम, टेलीग्राम यूजर द्वारा कोई ऐसा आपत्तिजनक संदेश, चित्रों वीडियों एवं आडियों, संदेशो आदि जिससे आमजन की भावना को आहत एवं किसी सम्प्रदाय विशेष की भावना उद्ववेदित हो ऐसे पोस्ट को शेयर फॉरवर्ड, लाइक कर, प्रसारित नहीं करें। व्हाटसएप ग्रुप एडमिन तथा ग्रुप से जुडे यूजर धार्मिक भावना भडकाने वाले पोस्ट को प्रसारित न करें एवं ग्रुप के यूजर को ऐसा करने से रोकें, ग्रुप एडमिन व्हाटसएप, फेसबुक एवं अन्य बनाये गये ग्रुप का मुखिया होता है, यदि उसके ग्रुप के कोई भी सदस्य आपत्तिजनक सामग्री पहुंचाने वाला अथवा संदेश, फोटो विडियों ग्रुप में शेयर करता है, तो ग्रुप एडमिन की जवाबदारी होगी। सोशल मीडिया पर आये संदेश कई बार षडयंत्र के तहत भेजे जाते है, इन पर कोई भी प्रतिक्रिया देने के पूर्व इनकी सत्यता की जांच करने का प्रयास करे। किसी भी अफवाह एवं भ्रामक सूचनाओं की पोस्ट को प्रसारित न करें। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 ( 2 ) के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है।

## रेडक्रास दल ने वृद्धाश्रम में लगाया स्वास्थ्य शिविर




**पिपरिया।** नगर के सांदीपनि आरएनए विद्यालय के रेडक्रास दल ने अपना रेडक्रास दिवस मनाया। इस दौरान रेडक्रास दल के द्वारा न्यू बस स्टेंड स्थित वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रेडक्रास दल ने वृद्धो को फल वितरित कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टरो के द्वारा कराया। इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉक्टर राशि उइके के नेतृत्व में चंद्रपाल सोलंकी, सोनाली छीपा, आरती साहू, मनोहर परते ने वृद्धो का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें रेड क्रास दल प्रभारी गोपाल धाकड़, सुरेश पटेल के नेतृत्व में रामजी मालवीय, अंजली कहार, ज्योति कुशवाह, राशिका, वेदिका कुशवाह, पूर्वी, सार्थक, अंजली दुबे, सफल, तेजस्वी नामदेव, तनिष्का सिसोदिया ने सहयोग किया। वही रेडक्रास प्रभारी ने बताया कि आगामी 13 मई को वंचित बस्ती में भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। वृद्धाश्रम प्रभारी अलकेश तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

## गृह ग्राम में कक्षा 10 में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली रानी का हुआ भव्य स्वागत सम्मान




**पिपरिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो के बच्चो ने अच्छे अंक अर्जित कर नाम रोशन किया है। वही जिले में कक्षा 10 में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली रानी कहार का गृह ग्राम रामपुर में स्कूली बच्चों व स्टाफ के सहयोग से रैली निकालकर स्वागत जुलूस निकाला जिसमें समिति प्रबंधन व गांव के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर बिटिया का स्वागत सम्मान किया। रानी कहार का विद्यालय परिवार व समिति प्रबंधन की ओर से पांच हजार रूपये की राशि के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर शाला प्राचार्या आरती परदेशी, समिति सचिव प्रमोद शर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, हरीश वर्मा, मोनिका तिवारी, ग्राम सरपंच राजेश अग्रवाल ने बिटिया के सम्मान में अपनी बात रखी। शाला स्टाफ की ओर से मोनू पटैल, जुगलकिशोर कुड़ारिया, रीता दुबे, शशि चंदेल, लाल जी मांडले, आयुष शर्मा, टीपी द्विवेदी, मंजूमणि पटैल, माधवी शर्मा, सपना पटैल, सविता अहिरवार, योगिता तिवारी सहित स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर रानी ने संबोधन करते हुए कहा कि गांव में कई दिनों तक बिजली नहीं रहने के बाद भी लगातार 8.8 घंटे की पढ़ाई की जिसमें परिवार व शाला परिवार का पूरा सहयोग मिला जिससे यह मुकाम हासिल किया है। कक्षा 10 में अंशिका रघुवंशी और सुमित रघुवंशी ने 100 में से 100 अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस मौके पर विद्यालय परिवार के समस्त प्रतिभावान विद्यार्थियों का स्वागत किया।

# कृषि उपज मंडी गेट से शराब दुकान हटवाने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन

**दमोह।** दमोह सागर स्टेट हाईवे कृषि उपज मंडी गेट पर संचालित शराब दुकान की वजह से आए दिन होने वाले विवाद तथा हादसों की बजह से पूरे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। उपरोक्त शराब दुकान को यहां से हटाकर सागर नाका के बाहर भेजे जाने की मांग को लेकर बड़ा प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सोपा गया। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ कृषि उपज मंडी क्षेत्र के आसपास निवासी रत लोगों के साथ महिलाओं तथा बच्चों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर एक ज्ञापन सोपा। जिसमें बताया गया कि हृदयपुर शराब दुकान का संचालन कृषि उपज मंडी गेट के बाहर किया जा रहा है जहां पर दो जैन मंदिरों के साथ एक हिंदू मंदिर एवं दो विद्यालय भी स्थित है। यहां से महिलाओं बच्चों का आना-जाना लगा रहता है वहीं कृषि उपज मंडी में किसानों तथा व्यापारियों का आना जाना बना रहता है। यहां पर शराब दुकान संचालित होने की वजह से भीड़ लगी रहती है पीने के बाद लोग यहां पर गाली गलौज झगड़ा करते रहते हैं। अनेक बार किसानों तथा व्यापारियों के साथ



नशे में मारपीट की घटनाएं हो चुकी है वही हादसे भी होते रहते हैं।


पूर्व में कलेक्टर महोदय ने एक टीम बनाई थी जिसमें उक्त कलारी को हटाए जाने के लिए चिन्हित किया गया था लेकिन अधिकारियों एवं शराब माफिया की मिली भगत के चलते कलारी नहीं हटाई गई जिससे वार्ड की महिलाओं को पूजा पाठ करने मंदिर जाने में शराबियों की फब्तियो का सामना करना पड़ता है किसी अप्रिय घटना के होने की आशंका बनी रहती है किसान अनाज बेचने वहां पर आते हैं कलारी पास होने पर अधिकांश पैसा कलारी में खर्च कर देते हैं लूटपाट की आशंका बनी रहती है कलेक्टर महोदय से निवेदन है सागर नाका से कलारी को हटाया जाए। इस शराब दुकान को 1 अप्रैल से यहां से हटाकर सागर नाका बाईपास पर संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए थे उसके बावजूद संचालन यहीं से किया जा रहा है। दुकान को यहां से तत्काल हटाकर सागर नाका की बाहर भेजे जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### धामोनी बाले बाबा का तीन दिवसीय उर्स प्रारम्भ

**बाबा की दरगाह पर पेश की गई संदली चादर**

**आज कव्वाली प्रोग्राम का उद्घाटन और तमाम रात चलेगा कव्वालियों का मुकाबला**



**सागर।** कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद मोहम्मद इश्हाक बली शामी उर्फ बाबा बालजति शाह रह.अलैह धामौनी वाले बाबा के 09 से 11 मई तक सम्पन्न होने वाले तीन दिवसीय सालाना उर्स के पहले दिन शुक्रवार को बाद नमाज जुमा के धामौनी दरगाह प्रबंध कमेटी,उर्स कमेटी के द्वारा तहसीलदार बण्डा और प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर के साथ बाबा के श्रद्धालुओं और अकीदतमंदो के द्वारा पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ बाबा की दरगाह पर संदली चादर पेश की जाकर नाते पाक, सलाम पेश किया जाकर तबर्रुख ( प्रसादि ) का वितरण किया गया। बाबा की दरगाह पर संदली चादर पेश होने के साथ ही तीन दिवसीय सालाना उर्स प्रारम्भ हुआ और बाद नमाज इशा मीलाद शरीफ हुई। दरगाह प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धामौनी वाले बाबा के सालाना उर्स का कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक एवं उर्स कमेटी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह लोधी की अध्यक्षता में संपन्न होगा। आज 10 मई शनिवार को रात 09 बजे कब्बाली प्रोग्राम का उद्घाटन अतिथिगणों के द्वारा संयुक्त रूप से किया जावेगा। उद्घाटन कार्यक्रम उपरांत हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल नईम साबरी कब्बाल पार्टी और नुसरत खानम कब्बाला पार्टी के बीच तमाम रात कब्बाली और गजलों का शानदार मुकाबला होगा। उर्स कमेटी दरगाह प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर व दरगाह प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों आदि ने बाबा के श्रद्धालुओं से उर्स में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर उर्स आयोजन को सफल बनाने की अपील की है ।इस अवसर पर धामौनी दरगाह प्रबंध कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण सहित बड़ी संख्या में बाबा के श्रद्धालु मौजूद थे।

### जुलुस, धरना, प्रदर्शन, आदि को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश

**शाजापुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत शाजापुर जिले की राजस्व सीमा में वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुये लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये विभिन्न संप्रदाय एवं राजनैतिक दलों द्वारा जुलुस, धरना, प्रदर्शन, आदि को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

उल्लेखीय है कि जिले में विभिन्न संप्रदाय एवं राजनैतिक दलों द्वारा बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन, जुलूस आदि निकाले जाते है, जिला अति संवेदनशील जिले की श्रेणी में आता है। वर्तमान परिदृश्य एवं सांप्रदायिकता को दृष्टिगत रखते हुए जिले में जुलूस, धरना प्रदर्शन आदि को नियंतित्र एवं प्रतिबंधित किया जाना अति आवश्यक प्रतीत होता है, ताकि कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो सके, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पडे। शाजापुर जिला साम्प्रदायिक दृष्टि से अतिसंवेदनशील जिला है। वर्तमान परिदृश्य एवं जिले में पूर्व में प्रतिबंधित संगठन पीएफआई की गतिविधियाँ भी परिलक्षित हुई है तथा आसूचना ब्यूरौ पुलिस मुख्यालय की गुप्तचर शाखाओं द्वारा भी शाजापुर जिले को अतिसंवेदनशील माना जाकर सावधानी बरतने के निर्देश दिये गये है।

अतः यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। इस आदेश से व्यथित व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 ( 5 ) के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा।

यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत अभियोजन के लिये उत्तरदायी होगा। यह आदेश 09 मई 2025 से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

# नर्मदापुरम शहर के बंगाली कॉलोनी स्थित अवैध शराब के कारोबार को लेकर हुई मारपीट वीडियो हुआ वायरल

( आरती मालवीय )

**नर्मदापुरम।** शहर मैं अवैध शराब का धंधा बड़े जोरों पर चल रहा है जिसके चलते नर्मदापुरम शहर के हर गली मोहल्ले में शराब बेची जा रही है वहीं दो दिन से लगातार अवैध शराब के को लेकर 2 दिन पूर्व 7 मई को अवैध शराब लेकर जा रहा है स्कूटी चालक ने एक बुजुर्ग और दो बच्चियों को टक्कर मार दी थी जिससे दोनों घायल हो गए थे वही 8 मई को एसपीएम गेट नंबर 4 के सामने लाल स्कूटी में रखकर अवैध शराब बेचते हुए का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था वही 9 मई को शाम 5:00 बजे नर्मदापुरम शहर में फिर एक वीडियो और वायरल हुआ है



जिसमें कुछ युवक एक युवक की दुकान में घुसकर मारपीट करते नजर आरहे हैं वहीं सूत्रों की मांने तो यहां भी अवैध शराब की बिक्री को लेकर आपसी विवाद बताया जा रहा है वहीं कुछ दिन पूर्व हुए मीनाक्षी चौक स्थित पीलीखंती मैं मां और बेटी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई थी वह मामला भी अवैध शराब धंधे से जुड़ा हुआ था जिसको लेकर विधायक डॉक्टर सीता शरण शर्मा ने मीडिया कर्मियों का सहारा लेकर एक बैठक की गई वहीं इस पूरे मामले को लेकर कलेक्टर एवं एसपी और आईजी को एक शहर में हो रहा है अवैध धंधे को लेकर ज्ञापन सोपा गया था लेकिन उसके बाद भी प्रशासन के कान पर जू तक नहीं रेंगी वही लगातार नर्मदापरम शहर में अवैध शराब का धंधा चरम पर है शहर में हर चौक चौराहे एवं गली मोहल्ले में धड़ल्ले से शराब बेची जा रही है और लड़ाई झगड़ा भी आए दिन हो रहे हैं अगर प्रशासन ने कोई बड़ा कदम अवैध शराब का धंधा करने वालों पर नहीं उठाया गया तो कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### नपा के अतिक्रमण दल ने रसूलिया से हटाया अतिक्रमण

( आरती मालवीय )



**नर्मदापुरम।** असामाजिक तत्वों द्वारा रसूलिया क्षेत्र में अतिक्रमण कर अवैध गतिविधियों का संचालन किया जा रहा था। जिसकी स्थानीय वार्डवासियों एवं महिलाओं द्वारा शिकायत की जा रही थी। बुधवार को नगरपालिका के अतिक्रमण दल ने पहुंचकर वहां का अतिक्रमण हटाया तथा दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि सर्किट हाउस में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह एवं नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव से स्थानीय नागरिकों और महिलाओं ने मुलाकात कर वार्ड में अतिक्रमण कर असामाजिक गतिविधियां संचालित होने की शिकायत की थी। श्री राजपूत ने बताया कि वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के निर्देशों का पालन करते हुए आज रसूलिया से तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण दल द्वारा कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटा दिया गया है। साथ ही दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई। अतिक्रमण हटाने पर स्थानीय नागरिकों ने विधायक एवं नपाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

# एनएमवी कालेज के सामने महाराणा प्रताप जयंती मनाई राज्यसभा सांसद और नपाध्यक्ष ने किया माल्यार्पण



( आरती मालवीय )

**नर्मदापुरम।** भारत देश की शान महाराणा प्रताप की जयंती आज नगर में हर्षोल्लास से मनाई गई। एनएमवी कालेज के सामने स्थापित विशालकाय प्रतिमा पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया और नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती नारोलिया द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

माल्यार्पण कार्यक्रम में विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पं. पीयूष शर्मा, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, रूपेश राजपूत, अर्पित मालवीय, रामू चौहान, लक्ष्मण बैस, कपिल चौहान, कमल चाव्हाण, विशाल दीवान आदि द्वारा मार्ल्यापण किया गया।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर पत्रकार राजेंद्र अटल का 15वां रक्तदान



**दमोह।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के असवर पर वरिष्ठ पत्रकार अटल राजेंद्र जैन के साथ आधा दर्जन लोगों ने रक्तदान किया ओर सभी से रक्तदान करने की अपील की। राजेंद्र अटल ने आज 15 वीं बार रक्तदान करते हुए बताया कि इस समय भारत पाक युद्ध की आशंका है। ऐसे में हमारे जवानों को कभी भी रक्त की जरूरत पड़ सकती है। उनके साहस को सलाम करते हुए स्वप्रेरित होकर यह रक्त उन जरूरतमंद जवानों को इस घड़ी में काम आयेगा। इस लिए सभी लोग रक्तदान जरूर करे। इस अवसर पर रक्तदान करने पहुंची शिवानी ठाकुर ने बताया कि पहलगाम में हुई घटना में 26 लोगों को आतंकियों ने बे मौत मार दिया था। जिसके जवाब में भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की कार्यवाही से देश को गौरवान्वित किया है। गौरव की बात यह है कि दो महिला अधिकारियों ने इस पूरी कार्यवाही को अंजाम दिया है। महिलाएं भी किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम है। इस लिए उन्होंने उनके सम्मान में रक्तदान कर अन्य महिलाओं से आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान की अपील की है। रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण कुमार परोहा सहित 7 रक्तदाताओं ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के बैनरतले रक्तदान किया। इस दौरान महेंद्र जैन सोमखेड़ा महामाया रक्तदान समिति अध्यक्ष अखिलेश रजक, पत्रकार तनुज पाराशर, पत्रकार नरेन्द्र अहिरवार, शिवानी ठाकुर, जितेंद्र रोहित, भारत अहिरवार, सोनू अहिरवार, कृष्णा कहार सहित बड़ी संख्या में जिला अस्पताल स्टाफएवं रक्तदाताओं की मौजूदगी रही।

# चालानी कार्यवाही के खिलाफ शिवसेना ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**सागर।** स्मार्ट सिटी द्वारा लगाए गए नियम विरुद्ध ट्रैफिक सिंगल के सी सी टी वी कैमरों से की जा रही भारी भरकम चालानी कार्यवाही के विरोध में शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पु तिवारी ने आज सर्किट हाउस में सरकार के उप मुख्यमंत्री पंडित राजेंद्र शुक्ल से मुलाकात कर टू व्हीलर वाहनों की चालानी कार्यवाही पर आपत्ति दर्ज कराते हुएं ज्ञापन सौंपा. पप्पु तिवारी ने कहा कि एक टू व्हीलर वाहन के एक महीने में कई चालान भेजकर स्मार्ट सिटी आम जनता को सरे आम लुट रही है. तीन सो रुपए के चालान के लोकअदालत में एक हजार रुपए भरने मजबूर किया जा रहा है. उप मुख्यमंत्री ने अवैध चालानी कार्यवाही पर अंकुश लगाने का आश्वासन दिया।

# बुजुर्ग व्यापारी के साथ धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने 15 दिन बाद भी रिपोर्ट नहीं लिखी

**दमोह।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत करीब15 दिन पूर्व एक बुजुर्ग व्यापारी की दुकान पर पहुंचे दो अज्ञात युवको के द्वारा बातों में उलझा कर सोने की चेन ले जाने का घटनाक्रम सामने आया था। जिसकी सूचना दुकानदार द्वारा तुरंत कोतवाली पुलिस को दिए जाने, कोतवाली पुलिस के एक सिपाही द्वारा बयान लिए जाने तथा घटनाक्रम से सीएसपी को अवगत कराए जाने के बावजूद आज तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। जबकि रिपोर्ट दर्ज करने के लिए व्यापारी द्वारा कई बार कोतवाली के चक्कर लगाए जा चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैन धर्मशाला धगट चौराहा मार्ग पर बुजुर्ग व्यापारी देवेंद्र जैन लाट साब की कपड़ा किराना फैंसी स्टोर की संयुक्त रूप से छोटी सी दुकान संचालित है। 23 अप्रैल को दोपहर में दो युवक इनकी दुकान पर रुमाल नारियल आदि लेने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उनके द्वारा दान देने के लिए इनसे मंदिर का पता पूछा गया। इस दौरान बातो में उलझाकर एक बदमाश ने देवेंद्र लाट साहब से गले में पहनी सोने की चेन को दान के लिए दिए गए नोटों में लपेटकर दुकान के काउंटर के अंदर रखवा दिया। इसी दौरान इनकी एक अन्य साथी ने पहुंचकर बातों में उलझा कर सोने की चैन सहित रुपयों को पार कर दिया तथा चलते बने। बाद में देवेंद्र लाट साब को जब अपने साथ धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ तो उन्होंने इसकी जानकारी अपने बेटे को दी तथा दुकान के सामने लगे सीसीटीवी को चेक किया तो दो बाइकों से आए तीन युवक रेकी करके दुकान से आते जाते तथा बाद में धगट चौराहे तरफजाते नजर आए। इस घटना की जानकारी कोतवाली पहुंचकर उसी दिन 23 अप्रैल को दिए जाने पर कोतवाली से सिपाही सियाराम इनकी दुकान पर पहुंचा तथा पूरी जानकारी लेकर उनके बयान भी दर्ज किए गए। लेकिन दो दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर 25 अप्रैल को मामले की जानकारी सीएसपी अभिषेक तिवारी को भी दी गई। इनके द्वारा भी एक सिपाही को दुकान पर भेज कर जानकारी प्राप्त की गई। इसके बाद भी रिपोर्ट नहीं होने पर 27 अप्रैल को देवेंद्र लाट साब पुनः कोतवाली पहुंचे। जहां 2 घंटे तक इंतजार करने के बाद भी इनकी रिपोर्ट को दर्ज नहीं किया गया। उल्टे इन से कहा गया कि रिपोर्ट दर्ज करने से क्या होता है जब कोई पकड़ा जाएगा तो आपको पहचान करने के लिए बुला लेंगे। एसपी द्वारा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पथरिया फाटक के उस पार 17 अप्रैल को हुई चोरी मामले में पारदी गिरोह के दो सदस्यों के पकड़े जाने व उनसे सोने चांदी के जेवर बरामद किए जाने के घटनाक्रम का खुलासा किया गया। जिसकी जानकारी लगने पर शाम को देवेंद्र लाट साब पुनः कोतवाली पहुंचे। जहां उनके द्वारा उपरोक्त चोर गिरोह के उनके साथ हुई धोखाधड़ी मामले में संबंध होने की आशंका जताई गई। लेकिन पुलिस द्वारा इन आरोपियों का उक्त घटना से कोई संबंध नहीं होने की बात कही गई। वही आज भी इनकी रिपोर्ट को दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद वह निराश वापस अपनी दुकान पर आकर व्यवस्था को कोसते हुए नजर आए।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी गोखले की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती पर नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि गोपाल कृष्ण गोखले जी ने भारतीय जनमानस के हृदय में राष्ट्रभक्ति की पवित्र ज्योत जलाई थी, जिससे ब्रिटिश सरकार के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम को नई ऊर्जा और गति मिली। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष की आजादी के लिए समर्पित श्री गोखले जी का व्यक्तित्व सदैव भारतीय नागरिकों में देशभक्ति की ऊर्जा का संचार करेगा।

### तनाव से निपटने पुलिसकर्मियों को दी जाएगी मेडिटेशन ट्रेनिंग

**मप्र के 350 पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों हैदराबाद के पास कान्हा शांति वनम में लिया प्रशिक्षण**

**भोपाल।** मप्र पुलिस ने अपने कर्मियों और उनके परिवारों के लिए एक अनूठा ध्यान कार्यक्रम शुरू किया है। इस निःशुल्क प्रशिक्षण पहल से एक लाख से अधिक कर्मियों वाले इस बल को अपने कर्तव्यों का पालन करते समय होने वाले तनाव से निपटने में मदद मिलने की उम्मीद है। राज्य पुलिस ने हाल ही में हैदराबाद स्थित गैर-लाभकारी आध्यात्मिक प्रशिक्षण संगठन श्री राम चंद्र मिशन के साथ इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

अधिकारियों ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस की 100 तमाम इकाइयों से चुने गए कुल 350 पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों ने हैदराबाद के पास कान्हा शांति वनम में 18 से 21 अप्रैल के बीच निःशुल्क प्रशिक्षण लिया। प्रतिभागियों को मिशन द्वारा ब्राइटर माइंड्स ट्रेनर्स कार्यक्रम के तहत विकसित हार्टफुलनेस मेडिटेशन प्रशिक्षण दिया गया। एडीजीपी (ट्रेनिंग) राजा बाबू सिंह ने बताया कि हाल ही में हैदराबाद में प्रशिक्षित किए गए लोग सभी जिलों में अन्य विभागीय कर्मचारियों को और अधिक कुशल बनाएंगे। अधिकारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों के परिवारों को भी शामिल किया गया है, क्योंकि वे उनके आधिकारिक कार्यों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। एक अधिकारी ने ध्यान पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य पुलिस बल की संख्या 1.26 लाख स्वीकृत कर्मियों के मुकाबले केवल एक लाख से अधिक है, और वे लगभग 5 करोड़ की आबादी की सुरक्षा करते हैं, जिससे उनका काम बहुत तनावपूर्ण हो जाता है। प्रशिक्षण का समन्वय करने वाली अधिकारी महानिरीक्षक रुचि वर्धन मिश्रा ने कहा कि यह ध्यान कार्यक्रम राज्य की प्रत्येक पुलिस इकाई में लागू किया जाएगा।

### संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र 9 महीने से ठप

**भोपाल।** उमरिया के बिरसिंहपुर पाली स्थित संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र की 210 मेगावाट की यूनिट में पिछले 9 महीने से बिजली उत्पादन बंद है। यह यूनिट 4 अगस्त 2024 से जनरेटर में तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़ी है। ताप विद्युत केंद्र के मुख्य अभियंता एचके त्रिपाठी ने बताया है कि जनरेटर मोटर में आई तकनीकी खराबी का सुधार कार्य चल रहा है। जून तक यूनिट में उत्पादन शुरू होने की संभावना है। वर्तमान में बढ़ती गर्मी के कारण जिले में बिजली की मांग में वृद्धि हुई है। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग का एचआरएमएस पोर्टल तैयार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश लोक स्वस्थ एवं चिकित्सा विभाग ने कर्मचारियों के ट्रांसफर के लिए एचआरएमएस पोर्टल तैयार किया है। विभाग में ट्रांसफर प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। यह पोर्टल अगले सप्ताह 13 में से शुरू हो जाएगा। दरसअल प्रदेश में 1 मई से तबादलों से रोक हटा दी गई है। प्रदेश में 30 मई तक तबादले हो सकेंगे। इधर, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव पूर्ण हालात को देखते हुए मध्य प्रदेश के कर्मचारी संगठन ने सरकार से सिर्फ स्वेच्छा से मांगे गए तबादले किए जाने की मांग की है। एचआरएमएस पोर्टल में तबादले के लिए कर्मचारी अधिकारी को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। साथ ही तबादले के स्थान के साथ 3 अन्य विकल्प भी देने होंगे। संबंधित विकल्पों में से किसी एक स्थान पर तबादले का विचार किया जाएगा। ऑनलाइन तबादले के लिए विभाग ने पोर्टल तैयार कर लिया है और अगले 1 हफ्ते में तबादलों के लिए आवेदन शुरू हो जाएंगे। इसके पहले विभाग ने सभी जिलों को खाली पदों की जानकारी पोर्टल पर डालने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी इस पोर्टल पर 13 मई की रात से आवेदन कर सकेंगे।

# भारत-पाक जंग के बीच मप्र में सिक्योरिटी अलर्ट

### मप्र में सरकारी कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक, पुलिस कर्मियों की छुट्टी कैंसिल



**भोपाल।** भारत-पाक में जंग के हालातों को देखते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक लगा दी है। वहीं छुट्टी पर गए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को लौटने को कहा है। इसे लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें साफ कहा कि परिस्थितियां सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और फील्ड में पदस्थ कर्मचारी अवकाश पर न जाएं। इसके बाद डीजीपी ने एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी की बैठक ली।

उन्होंने प्रदेश की अपडेट सुरक्षा व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं की स्थिति एवं विभागीय समन्वय की समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा हमारा परम धर्म है और ताजा हालातों को देखते हुए सभी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। वरिष्ठ अधिकारियों को जरूरी नागरिक सेवाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम ने कहा कि सुरक्षा के लिए आवश्यक एहतियाती कदम तत्काल उठाएं और राष्ट्र विरोधी किसी भी प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाएं। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने के लिए प्रेरित और सूचित करें। सीएम ने सभी विभागों को अपनी-अपनी सेवाओं को सुदृढ़ करने और केंद्र एवं राज्य के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, अग्निशमन सहित आपदा प्रबंधन से जुड़ी अन्य सेवाओं को मजबूत कर लें। आपसी तालमेल और बेहतर करें। किसी भी आपातकालीन परिस्थिति के लिए सभी विभाग तत्परता और सजगता से तैयार रहें। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन विभाग डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, डीजी होमगार्ड अरविंद कुमार, एडीजी गुप्तवार्ता ए. साईं मनोहर, सैन्य अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

#### पुलिस की छुट्टी कैंसिल

मुख्यमंत्री की बैठक के बाद पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने फील्ड में तैनात सभी रेंज के एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। जिसमें उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की छुट्टी कैंसिल कर दी और छुट्टी पर गए अधिकारियों-कर्मचारियों को तत्काल लौटने को कहा। उन्होंने हालात सुधरने तक छुट्टियों पर पूरी तरह से रोक लगा दी। उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों के साथ पुलिस अफसरों को अफवाहों से बचाव के लिए फोकस कर काम करने को कहा है। सघन चेकिंग, हर वक्त अलर्ट मोड पर रहने और छोटी से छोटी सूचना पर एक्शन लेने के निर्देश अफसरों को दिए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई गाइड लाइन का पालन करने को कहा गया है।

#### सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश

डीजीपी कैलाश मकवाना ने सभी जिलों के पुलिस अफसरों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग की। उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों के साथ पुलिस अफसरों को अफवाहों से बचाव के लिए फोकस कर काम करने को कहा है। बताया जाता है कि इस बैठक में सघन चेकिंग, हर वक्त अलर्ट मोड पर रहने और छोटी से छोटी सूचना पर एक्शन लेने के निर्देश अफसरों को दिए जा रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन करने को कहा जा रहा है। सभी जिलों में सायरन बजाने का सिस्टम ठीक रखने और पुलिस और प्रशासन के अफसरों के बीच समन्वय बनाकर काम करने पर भी फोकस करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

## ऊर्जा के क्षेत्र में साइबर अटैक की स्थिति न बने




### कॉन्क्लेव में बोले मंत्री तोमर, कम ऊर्जा क्षरण के लिए ग्रीन एनर्जी की ओर बढ़ रहे

**भोपाल।** मप्र के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि ऊर्जा के क्षेत्र में साइबर अटैक की स्थिति न बने। ऊर्जा का कम से कम क्षरण हो, इसके लिए ग्रीन एनर्जी की ओर बढ़ना है। इसके लिए जितने भी नवाचार हों, उसके लिए सरकार पूरी तरह काम करने को तत्पर है ताकि भविष्य में ऊर्जा के लिए एक मजबूत राह बनी रहे।

मंत्री तोमर ने यह बातें शुक्रवार को भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय सस्टेनेबल एनर्जी इनोवेशन कॉन्क्लेव के चौथे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव का इस वर्ष का विषय पॉवरिंग द फ्यूचर ए सस्टेनेबल पाथ टू विकसित भारत 2047 है जो ऊर्जा क्षेत्र को एक नई दिशा देने वाला साबित होगा।

#### जो निष्कर्ष निकलेंगे, उसे लागू करेंगे

मंत्री तोमर ने कहा कि यह मंच विशेषज्ञों, नवाचार करने वालों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं नीति-निर्माताओं के लिए विचार-विमर्श और सहयोग का बेहतरीन अवसर बनेगा। मंत्री तोमर ने कॉन्क्लेव में आए सभी विशेषज्ञों, अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो निष्कर्ष निकलेंगे, उसे लागू करने में सरकार आगे रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से हम अपने बच्चों को अच्छा बनाना चाहते हैं, उनकी सुरक्षा की चिंता करते हैं, उसी तरह एनर्जी सेक्टर को भी अच्छा बनाने के लिए काम करना है।

#### हाइड्रोजन एनर्जी के काम सरकार की प्राथमिकता

आज ग्रीन एनर्जी के साथ हाइड्रोजन एनर्जी पर भी काम हो रहा है और इसके लिए आने वाले समय में जो भी अच्छे काम होंगे वह सरकार की प्राथमिकता में रहेंगे। यह काम ठीक उसी तरह होगा जैसे हम अपने बच्चे को अच्छा माहौल देना चाहते हैं, उसे अच्छा बनाना चाहते हैं। वैसे ही बिजली सेक्टर को भी अच्छा माहौल देकर अच्छा बनाने का काम करना है। इस कॉन्क्लेव में ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई और अपर सचिव अविनाश लवानिया व अलग-अलग सेक्टर के एक्सपर्ट्स भी मौजूद रहे।

## मप्र की पटरियों में तेज रफ्तार में दौड़ेंगी 2 और नई वंदे भारत, कम समय में सफर होगा पूरा

### भोपाल से कनेक्ट होंगे लखनऊ और पटना

**भोपाल।** मप्र में बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार के रहते हैं, लेकिन लखनऊ और पटना के लिए नियमित ट्रेनों की कमी के कारण यात्रियों का उनके गृहक्षेत्र पहुंचना मुश्किल होता है। अब उत्तर प्रदेश और बिहार के रहने वाले लोगों के लिए भोपाल से सीधी रेल सुविधा मिलने वाली है। भोपाल से दोनों राज्य की राजधानियों के लिए वंदे भारत का शुभारंभ किया जाना है। इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा हो रही है, लेकिन भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर तीसरी पिट लाइन तैयार नहीं होने के कारण वंदे भारत का संचालन टल रहा है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि रानी कमलापति से पाटलीपुत्र के लिए स्लीपर कोच वाली वंदे भारत का संचालन किया जाएगा। इसमें 16 कोच होंगे। बता दें कि भोपाल से पटना की दूरी करीब 850 किलोमीटर है। वर्तमान में जो ट्रेन इस रुट पर चल रही हैं, वो भोपाल से पटना पहुंचने में 18 से 20 घंटे का समय लेती हैं। नई वंदे भारत शुरू होने से यात्री 14 से 15 घंटे में भोपाल से पटना पहुंच जाएंगी। अच्छी बात यह है कि यह वंदे भारत स्लीपर ट्रेन होगी। यानि यात्री सोते हुए यात्रा कर सकता है।

#### भोपाल से पटना के लिए मिलेगी प्रीमियम वंदे भारत

अधिकारियों ने बताया कि भोपाल से लखनऊ के लिए 8 कोच वाली प्रीमियम वंदे भारत ट्रेन मिलने वाली है। इसके सभी कोच कुर्सीयान यानि चेयर सीट वाले होंगे। बता दें कि भोपाल से लखनऊ की दूरी करीब 590 किलोमीटर है। वर्तमान में जो ट्रेन इस रुट पर चल रही है, वो भोपाल से लखनऊ पहुंचने में 9 से 11 घंटे का समय लेती है, लेकिन इस मार्ग पर वंदे भारत की शुरुआत होने से यात्री महज 6 से 7 घंटे में भोपाल से लखनऊ पहुंच सकेंगे। ये ट्रेन 8 कोच वाली चेयरकार होगी। जो सप्ताह में 6 दिन चलेगी।

#### तीसरी पिट तैयार होते ही मिलेगी दो वंदे भारत की रैक

भोपाल रेल मंडल के सीनियर डीएमई आरपी खरे ने बताया कि रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तीसरी पिट लाइन बनाई जा रही है। इसका 95 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। खरे ने बताया कि निर्माण कंपनी ने 30 जून 2025 तक तीसरी पिट लाइन रेलवे को हैंडओवर करने का दावा किया है। हालांकि अभी तीसरी पिट लाइन को पूरी तरह तैयार होने में अगस्त-सितंबर तक का समय लग सकता है। आरपी खरे ने बताया कि जैसे ही तीसरी पिट लाइन तैयार होगी।

### कर्नल सोफिया की सीएम डॉ. मोहन ने की तारीफ, कहा

**मप्र का बढ़ाया मान, हमारे लिए सौभाग्य की बात**

**भोपाल।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना की अफसर कर्नल सोफिया कुरैशी सुर्खियों में बनी हुई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उनकी जमकर तारीफ की। सीएम ने कहा कि हमारी कर्नल सोफिया कुरेशी ने भारत का मान बढ़ाया है। मध्य प्रदेश का मान बढ़ाया है। देश का मान बढ़ाया है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने आगे कहा कि उनकी तीन पीढ़ियां सेना में रही हैं। बेटियां कम पड़ती हैं क्या? क्या हिंदू, क्या मुसलमान? सभी धर्म ने मिलकर कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सब दलों के लोग प्रधानमंत्री के साथ हैं। आजादी के बाद यह पहला अवसर है। दुश्मनों के खिलाफ पूरा देश एक है यह संदेश दिया गया है। कर्नल सोफिया कुरैशी का संबंध छतरपुर के नौगांव बुंदेलखंड से है। कर्नल सोफिया कुरैशी का जन्म 1976 में पुणे में हुआ। जन्म के बाद सोफिया के पिता परिवार को लेकर छतरपुर के नौगांव में शिफ्ट हो गए। इनका पुस्तैनी मकान नौगांव में ही है। सोफिया ने प्राथमिक शिक्षा नौगांव में ही हासिल की। उन्होंने पहली से तीसरी कक्षा तक नौगांव के जीटीसी स्कूल से पढ़ाई की।

## गांव-गांव में जगाई जा रही है जल संरक्षण की अलख

**भोपाल।** प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में दिन-प्रतिदिन पानी के संरक्षण को लेकर जन सामान्य के उत्साह में लगातार वृद्धि हो रही है। नारे लेखन के साथ गांव-गांव में जल संरक्षण की अलख जगाई जा रही है। आने वाले बरसात के मौसम को देखते हुए व्यापक स्तर पर पौध-रोपण के लिये उचित जगह चिन्हित भी तैयारी की जा रही है। अभियान 30 जून तक चलेगा।

#### दीवार लेखन से जल बचाव का दिया जा रहा है संदेश

बैतूल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में आठनेर विकासखंड में नवांकुर संस्थाओं द्वारा चलाया जा रहा जन-जागरूकता अभियान जन-आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। जिले में दीवार लेखन, संगोष्ठियां एवं स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का महत्व समझाया जा रहा है। जन भागीदारी को बड़ाने के लिये जल प्रहरी गांव-गांव में सक्रिय हैं। जल प्रहरी ने जल चौपाल में बताया कि जल संकट एक गंभीर समस्या है, यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में स्थिति और भयावह हो सकती है। जिले में जल संगोष्ठियों का आयोजन, जल स्रोतों की सफाई एवं नदी-तालाबों की स्वच्छता जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

#### ग्राम चिनकी में हुई जल चौपाल

नरसिंहपुर जिले में ग्राम चिनकी में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल चौपाल का आयोजन किया गया। जल चौपाल में जिला समन्वयक श्री जयनारायण सिंह ने कहा कि जल संरक्षण व संवर्धन के लिए वर्षा जल संग्रह करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संरचनाओं का निर्माण व पुरानी जल संरचनाओं की साफ-सफाई और उनके संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। जिले में जल के महत्व पर संवाद, संगोष्ठी, परिचर्चा, रैली, शपथ, रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाई जा रही है। इस कार्य में जिले की नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सामाजिक, धार्मिक, स्वैच्छिक संगठनों, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों के साथ आम नागरिक अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

#### जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार

डिण्डोरी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। अभियान में नये तालाब बनाये जा रहे हैं। साथ ही पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। यह कार्यक्रम जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित हो रहा है। ग्राम सुन्हादादर में जल संरक्षण को लेकर नदी के आसपास स्वच्छता कार्य किया गया। इसी प्रकार ग्राम रैतवार महाजन टोला में मेंटर्स धन्नूसिंह तेकाम एव ग्रामीणों के द्वारा जल संरक्षण को लेकर तालाब के अन्दर मे स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया।

#### जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों ने लिया संकल्प

मंडला जिले में नैनपुर ग्राम पंचायत जहरमऊ के प्राचीन शंकर तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। तालाब की सीढ़ियां को साफ करते हुए लगभग 200 तगाड़ी चोई, प्लास्टिक का कचरा निकाला गया। विकासखण्ड समन्वयक श्री संतोष कुमार झारिया द्वारा जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई।

#### खाई तालाब में सफाई अभियान

बालाघाट जिले में लांजी किले से लगे खाई तालाब में श्रमदान किया गया। अभियान में जलाशयों की सफाई, पौध-रोपण एवं जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। लांजी के किला परिसर से लगे तालाब की सफाई में सफलता के लिए सामूहिक प्रयासों को महत्व दिया जा रहा है। इसी कड़ी में ऐतिहासिक किला परिसर से लगे खाई तालाब पर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाकर जेसीबी द्वारा लगभग 2.50 टन कचरा एवं खरपतवार को निकाला गया।

#### सुधारे गए नल कनेक्शनों के लीकेज

टीकमगढ़ जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जतारा विकासखंड के ग्राम चतुरकारी में एकल जल प्रदाय योजना के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों मे नल कनेक्शनों के लीकेज की मरम्मत कर उन्हें सुधारा गया। अभियान के अंतर्गत यह पहल ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश से की गई है एवं ग्रामीणों को सलाह दी गई है की पानी भरते ही नल की टोटी बंद कर देना चाहिए, जिससे जल बर्बाद होने से रोका जा सके।

#### नहर में की गई साफ-सफाई

छतरपुर जिले में जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मतीकरण का कार्य किया जा रहा है। उर्मिल वृहद योजना के अंतर्गत मुख्य नहर चैन क्रमांक 50 पर साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। गौरिहार के अंतर्गत लघु तालाब, मनुरिया की नहर में अनावश्यक पेड़-पौधे और झाड़-झाड़ियों की साफ सफाई का कार्य किया गया। साथ ही मध्यम परियोजना बेनीसागर बांध के अंतर्गत नहरों के अंतिम छोर में किलोमीटर स्टोन लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम ढिमरवा में ग्रामीण के सहयोग से स्टॉप डैम के पास नाले में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही बड़ामलहरा में अभियान अंतर्गत तालाब गहरीकरण एवं पिचिंग का कार्य भी किया जा रहा है।

#### मैहर के बाबा तालाब घाट की सफाई की गई

मैहर जिले में जन सहभागिता से बाबा तालाब परिसर के घाट की सफाई की गई। साथ ही स्वच्छता का संदेश देते हुए समुदाय को आगे आकर जल स्रोतों की सफाई करने का संकल्प दिलाया गया। सफाई अभियान के दौरान जिला प्रशासन अमले द्वारा जिले के तालाबों और जल स्रोतों पर किये गये अतिक्रमण को हटाने का भी निर्णय लिया गया।

#### कुकड़ेश्वर की बावड़ी में किया गया श्रमदान

नीमच जिले के मनासा में प्रेरणादायक पहल करते जल संरक्षण जागरूकता रैली का आयोजन कर कुकड़ेश्वर के चौधरी मोहल्ला वार्ड क्रमांक तीन स्थित प्राचीन बावड़ी में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया। जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर, विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध माधव मारू, नगर पालिका की उपस्थिति में श्रमदान किया गया। जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने जल संरक्षण पर मार्गदर्शन देते हुए कहा, कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता और जागरूकता की दृष्टि से शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। इस मौके पर संगोष्ठी में बताया गया कि हम सभी गांव में पहाड़ों या उंचे स्थानों पर कंटूर ट्रेंच बना कर, खेत पर मेड़ बंधान, नदियों के स्टॉप डैम पर पानी रोकने का कार्य करें, जिससे धीरे-धीरे गांवों में जलस्तर बढ़ने लगेगा, इस तरह के प्रयासों को जन-जन तक पहुँचाकर जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जाना चाहिए।

#### प्राचीन बावड़ी की सफाई कर जल संरक्षण का दिया गया संदेश

रतलाम जिले में प्रेरणादायक पहल करते हुए हर्देश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थित सदियों पुरानी प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई एवं संरक्षण कार्य संपन्न किया गया। नगर परिषद नामली की अध्यक्ष श्रीमती अनीता रजनीश परिहार ने कहा कि नगर परिषद जल संरक्षण जैसे पुनीत कार्यों में सदैव सक्रिय भूमिका निभाएगी। जन अभियान परिषद के इस प्रयास की नगर के सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र परिहार ने प्रशंसा की और सभी को संकल्प दिलाया कि इस तरह के प्रयासों को जन-जन तक पहुँचाकर जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जाएगा। सैलाना के ग्राम कपासिया में भी तालाब की सफाई की जाकर जल संरक्षण का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद भोपाल एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट

**एंट्री गेट पर सख्त चेकिंग और गाड़ियों से उतारकर सवारियों की तलाशी**



**भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद उपजे तनाव के बीच मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के राजा भोज हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है. एयरपोर्ट के एंट्री गेट पर स्थानीय पुलिस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान तैनात हैं, जो सभी वाहनों को रोककर उनकी गहन तलाशी ले रहे हैं. इसके साथ ही यात्रियों के सामान और टिकटों की भी सघन जांच की जा रही है। आमतौर पर भोपाल एयरपोर्ट पर वाहनों की केवल पर्ची काटी जाती है और यात्रियों को उतारने के बाद वाहन बाहर चले जाते हैं, लेकिन आज सुबह से एंट्री गेट पर ही वाहनों को रोककर उनकी तलाशी शुरू की गई है. एयरपोर्ट प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में हवाई अड्डों पर सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है. भोपाल सेना की अधिसूचना के अनुसार कैटेगरी-2 का संवेदनशील शहर है, इसलिए यहां भी सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है. एयरपोर्ट डायरेक्टर ने कहा कि किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है और यात्रियों से सहयोग की अपील की गई है. यह कदम देशभर में बढ़ी सुरक्षा सतर्कता का हिस्सा है, खासकर उन क्षेत्रों में जो सीमावर्ती राज्यों के करीब हैं या रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं. भोपाल में यह सख्ती ऑपरेशन सिंदूर के बाद संभावित खतरों को देखते हुए लागू की गई है, ताकि यात्रियों और एयरपोर्ट की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादक: बालेन्द्र गुप्ता।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), **आर.एन.आई.नं. 58842/94**